रांची, गुरुवार, 6 नवंबर 2025
संवत 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष 1 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 57 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक




4 ▶▶ साइबर ठगी के शिकार लोगों में आईटी में अग्रणी शहरों के लोग ज्यादा
माधुरी दीक्षित के टोरंटो शो पर विवाद बढ़ता देख आयोजकों ने दी सफाई, कहा-टीम की गलती से हुई देरी 6

### बिहार विधानसभा चुनाव: पहले चरण की वोटिंग जारी

# 1 बजे तक 42.31 प्रतिशत मतदान, लालू बोले- बदलाव जरूरी

◂ पटना में लालू परिवार ने किया मतदान ◂ मतदाताओं में भारी उत्साह, केंद्रों पर लगी लंबी लाइनें ◂ लखीसराय-बेगूसराय सबसे आगे, पटना में सबसे कम मतदान



**पटनाः** बिहार में प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव में 1 बजे तक 42.31 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। राज्य निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, गुरूवार सुबह सात बजे से 121 विधानसभा क्षेत्र के 45341 मतदान केंद्रों पर जारी मतदान में पूर्वाह्न 11 बजे तक 27.65 प्रतिशत वोट पड़े हैं। पहले चार घंटे में बेगूसराय जिले में सबसे अधिक 30.37 प्रतिशत जबकि पटना जिले में सबसे कम 23.71 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया है। इस दौरान मधेपुरा जिले में 28।46 प्रतिशत, सहरसा जिले में 29.68, दरभंगा जिले में 26.07 प्रतिशत, मुजफ्फरपुर जिले में 29.66 प्रतिशत, गोपालगंज जिले में 30.04 प्रतिशत, सीवान जिले में 27.09 प्रतिशत, सारण जिले में 28.52 प्रतिशत, वैशाली जिले में 28.67 प्रतिशत, समस्तीपुर जिले में 27.92 प्रतिशत, खगड़िया जिले में 28.96 प्रतिशत, मुंगेर जिले में 26.68 प्रतिशत, लखीसराय जिले में 30.32 प्रतिशत, शेखपुरा जिले में 26.04 प्रतिशत, नालंदा जिले में 26.86 प्रतिशत, भोजपुर जिले में 26.76 प्रतिशत और बक्सर जिले में 28.02 प्रतिशत मतदाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने पटना के एक मतदान केन्द्र में मतदान किया। राजद नेता और महागठबंधन से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने भी अपनी पत्नी के साथ मतदान किया। तेजस्वी यादव ने कहा, हम तो यही कहेंगे कि बदलाव जरूरी है, नया बिहार बनाएं, नई सरकार बनाएं। वहीं राबड़ी देवी ने कहा, सभी मतदाताओं से अपील है कि वोट डालें, दोनों बेटों को उनकी मां की तरफ से शुभकामनाएं है, दोनों को आशीर्वाद है। मैं महिलाओं, बच्चों, सभी से अपने घरों से निकलकर वोट देने की अपील करती हूं इस बार बदलाव होगा, जनता बदलाव लाएगी।

### सीएम नीतीश ने बख्तियारपुर में किया मतदान, बोले-

## मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, दायित्व भी

**पटनाः** बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए गुरूवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 121 सीट पर मतदान जारी है। इसी कड़ी में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के बख्तियारपुर में अपना वोट डाला।



वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा, लोकतंत्र में मतदान केवल हमारा अधिकार ही नहीं, दायित्व भी है। आज बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो रहा है- सभी मतदाताओं से आग्रह है कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। पहले मतदान, फिर जलपान!

बता दें कि राजधानी पटना समेत मतदान वाले 18 जिलों के कई मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की कतारें लग गई हैं। ग्रामीण इलाकों में सुबह-सुबह मतदान करने के इच्छुक मतदाताओं की कतारें ज्यादा लंबी देखी जा रही है। इन विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच होने वाले मतदान के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## तेज रफ्तार और टैंकर से टक्कराई तेज रफ्तार बोलेरो, दो युवको की मौत

### मेले से लौट रहे थे सभी युवा



**खूंटीः** आज तड़के खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा एक बार फिर जिले में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर गया है। यह दुर्घटना गुरुवार सुबह लगभग साढ़े चार बजे गुमला जिले के कामड़ारा थाना क्षेत्र के पोकला बाजार के समीप हुई। मृतकों की पहचान मुरहू प्रखंड के हांसा गांव निवासी शिवदत्त मांझी और अनुज मांझी के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद दोनों की मौत मौके पर ही हो गई। वही गंभीर रूप से घायल होने वालों में प्रभाष कुमार (जो वाहन चला रहे थे) शामिल हैं, जिनकी स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक बताई जा रही है। अन्य घायलों में रेवा गांव के अमित महतो व चंद्रू राम, जुरदाग निवासी सुनील कुमार और मुरहू के बांदे गांव निवासी रंजीत महतो शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना उस वक्त हुई जब मुरहू और खूंटी के युवकों से भरी एक बोलेरो कार, जिसे प्रभाष कुमार चला रहे थे कि टक्कर एक टैंकर से हो गई। बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और वाहन पलट गया। सभी युवक रामरेखा मेला में शामिल होकर लौट रहे थे। दुर्घटना के बाद, स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर करीब दो घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद सभी सवारों को वाहन से निकाला। घायलों को पहले कामड़ारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर करने की तैयारी की जा रही है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। कहा जा रहा है कि हादसे की वजह बोलेरो की तेज रफ्तार थी।

## घाटशिला में रघुवर दास का रोड शो, भाजपा की जीत का किया दावा

### झामुमो की होगी जीतः रामेश्वर उरांव

**जमशेदपुरः** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में भाजपा और झामुमो नेताओं ने अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए सड़कों पर प्रचार शुरू कर दिया है। इस बीच, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पहली बार घाटशिला में चुनाव प्रचार में हिस्सा लिया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में रोड शो किया। जमशेदपुर से लोकसभा सांसद विद्युत वरण महतो और प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन भी मौजूद रहे। खुले वाहन में सवार होकर रघुवर दास ने लोगों का अभिवादन किया और विभिन्न इलाकों का दौरा किया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में रोड शो के माध्यम से भाजपा के लिए समर्थन और आशीर्वाद की अपील की। रोड शो में बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता और आम नागरिक भी शामिल हुए।





राज्य को घोटालों और भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया गया हैः रघुवर दास ने कहा कि झारखंड की जनता इस भ्रष्ट और वादाखिलाफी वाली हेमंत सरकार से तंग आ चुकी है। छह साल में न तो कोई विकास हुआ है और न ही बेरोजगारों को रोजगार मिला है। कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि राज्य घोटालों, भ्रष्टाचार और माफिया के हवाले हो गया है।

उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता मौजूदा सरकार से तंग आ चुकी है और इस उपचुनाव में उन्हें सबक सिखाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि घाटशिला में विकास और स्थायी बदलाव के लिए आज की नई पीढ़ी के युवाओं को आगे आना होगा। यही नई पीढ़ी बदलाव लाएगी। इस सरकार में आदिवासी सुरक्षित नहीं हैं। आज के युवा झारखंड के हालात को समझ चुके हैं और अब मौका है।

**आदिवासी विरोधी था रघुवर दास का कार्यकाल :** पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव इस बीच, सरकार के मंत्री और विधायक झामुमो उम्मीदवार सोमेश सोरेन का समर्थन कर रहे हैं। पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि हमारी जीत पक्की है। यह गरीबों की सरकार है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने काम किया है और जनता इसकी कीमत चुका रही है। उन्होंने रघुवर दास के कार्यकाल को आदिवासी विरोधी बताया।

### लातेहार में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

## 65 हजार घूस लेते जिला परिषद के बड़ा बाबू गिरफ्तार





**लातेहार :** झारखंड एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए लातेहार जिला परिषद कार्यालय के बड़ा बाबू संतोष सिंह को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। संतोष सिंह को 65 हजार रुपये घूस लेते हुए एसीबी की टीम ने पकड़ा।

सूत्रों के अनुसार, यह घूस किसी फाइल के निपटारे के बदले मांगी गई थी। एसीबी की कार्रवाई के बाद पूरे जिला परिषद कार्यालय में हड़कंप मच गया है। टीम ने आरोपी बाबू को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

## तूफान कालमेगी ने फिलीपींस में मचाई तबाही 241 लोगों की मौत, पूरे देश में इमरजेंसी घोषित

**मनीला :** फिलीपींस में आए भीषण तूफान कालमेगी ने भारी तबाही मचाई है। तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश के चलते भारी पैमाने पर जन-धन का नुकसान हुआ है। करीब 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं ने सैकड़ों घरों को तबाह कर दिया। अब तक 241 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

फिलीपींस की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने गुरुवार को बताया कि देश के मध्य हिस्सों में तबाही मचाने के बाद यह तूफान अब वियतनाम की ओर बढ़ गया है और रास्ते में इसकी ताकत फिर बढ़ गई है। वियतनाम के जिया लाई प्रांत में प्रशासन ने चेतावनी जारी की है कि तूफान के कारण भारी बारिश और तेज हवाएं आ सकती हैं, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ और कृषि कार्यों पर गंभीर असर पड़ने की संभावना है।



फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने देश में आपातकाल की घोषणा कर दी है। यह इस साल फिलीपींस में आने वाली सबसे घातक प्राकृतिक आपदा मानी जा रही है। मध्य प्रांतों में भारी तबाही के बीच प्रशासन ने दोपहर तक करीब 3.5 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की योजना बनाई है।

सबसे ज्यादा प्रभावित सेबू प्रांत में बाढ़ का पानी उतरने के बाद विनाश का मंजर सामने आया – टूटे हुए घर, पलटे वाहन और मलबे से भरी सड़कें। तूफान के आने से पहले ही 2 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया था। कई लोग अब अपने उजड़े घरों की सफाई और पुनर्निर्माण में जुटे हैं।

### पहले पांच, फिर सात..अब आठ विमानों के मार गिराने का दावा

## ट्रंप ने फिर अलापा भारत- पाक संघर्ष रुकवाने का राग

**वॉशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मई में बनी शांति उनकी सख्त चेतावनी का परिणाम थी। ट्रंप के अनुसार, उन्होंने दोनों देशों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी थी कि यदि वे आपसी संघर्ष जारी रखते हैं, तो अमेरिका उनके साथ कोई व्यापारिक समझौता नहीं करेगा।

मियामी में आयोजित अमेरिका बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, मैं दोनों देशों के साथ व्यापार समझौते पर काम कर रहा था। तभी मैंने अखबार में देखा कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध शुरू हो



गया है। सात विमान गिराए जा चुके थे, आठवां भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त था। कुल मिलाकर आठ विमानों को मार गिराया गया। तब मैंने कहा – अगर तुम लोग युद्ध कर रहे हो, तो मैं तुमसे व्यापार नहीं करूंगा।

ट्रंप ने आगे बताया, मैंने दोनों से कहा कि तुम दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हो, अगर तुम युद्ध जारी रखते हो तो अमेरिका किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। अगले ही दिन मुझे फोन आया कि दोनों देशों ने शांति स्थापित कर ली है। मैंने कहा, बहुत अच्छा – अब व्यापार की बात की जा सकती है। उन्होंने मजाकिया लहजे में यह भी कहा, देखा, यह सब टैरिफ की वजह से हुआ। अगर टैरिफ न होते, तो यह संभव नहीं होता।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने 10 मई को सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान ने पूरी तरह और तत्काल युद्धविराम पर सहमति जताई है। हालांकि, भारत ने साफ कहा था कि किसी तीसरे पक्ष की इसमें कोई भूमिका नहीं रही। भारत के अनुसार, दोनों देशों के बीच सभी मुद्दे द्विपक्षीय हैं और किसी बाहरी मध्यस्थता की आवश्यकता नहीं है।

बताया गया कि भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाना था। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिकों की मौत हुई थी। चार दिन तक चले सीमा-पार ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद 10 मई को दोनों देशों ने संघर्षविराम पर सहमति बनाई।

## समाचार सार



### 'मोंथा' तूफान से फसलों को हुए नुकसान का ब्यौरा जुटाने में जुटी सरकार, अधिकारियों को दिए निर्देश

**रांची:** झारखंड में मोंथा तूफान की वजह से बड़ा नुकसान हुआ है। किसानों की सारी मेहनत पर बारिश का पानी फिर गया। वहीं, सरकार ने मोंथा चक्रवात की तबाही के बाद फसलों को हुए नुकसान का पूरा ब्यौरा जुटाने की तैयारी शुरू कर दी है।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने सभी जिलों के उपायुक्तों को इस संबंध में आदेश जारी किया है। निर्देश में कहा गया है कि जिले के अधिकारी गांव-गांव जाकर खेतों की स्थिति का वास्तविक आकलन करें। कितनी फसलें बर्बाद हुईं और किसानों को कितना आर्थिक नुकसान हुआ इसका पूरा ब्यौरा तैयार कर तुरंत गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग को भेजा जाए। इसकी एक प्रति कृषि विभाग को भी भेजने के निर्देश हैं।

विभाग ने बताया कि मोंथा चक्रवात से हुई भारी बारिश के कारण किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। इसलिए रिपोर्ट पूरी तरह तथ्यों पर आधारित और समय पर होनी चाहिए। इसके साथ ही कृषि निदेशक और जिला कृषि पदाधिकारियों को भी रिपोर्ट तैयार करने में जिला प्रशासन की मदद करने का निर्देश दिया गया है।

### बर्जर पेंट्स की तिमाही आय में बढ़त, मांग में सुधार से भविष्य को लेकर आशावान

**रांची :** बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम जारी किए। कंपनी का परिचालन राजस्व 1.9% बढ़कर 2,827.5 करोड़ रहा, जबकि शुद्ध लाभ 206.4 करोड़ दर्ज किया गया लाभ में गिरावट के बावजूद कंपनी ने बताया कि वॉल्यूम में उच्च एकल अंक की वृद्धि और सीमित लेकिन सकारात्मक राजस्व वृद्धि हासिल हुई है। मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अभिजीत रॉय ने कहा कि लंबे मॉनसून सीजन के बावजूद कंपनी ने मजबूत प्रदर्शन किया और वाटरप्रूफिंग, कंस्ट्रक्शन केमिकल्स तथा वुड कोटिंग्स जैसे सेगमेंट में बेहतर वृद्धि दर्ज की। उन्होंने कहा कि घरेलू बाजार में धीरे-धीरे सुधार दिख रहा है और उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष के शेष हिस्से में मांग में और तेजी आएगी।

### अफीम की खेती के विरुद्ध पुलिस का जागरूकता अभियान



**चतरा:** समाज में आज युवाओं और बच्चों के बीच अफीम/ब्राउन शुगर का सेवन में लगातर बढ़ोतरी हो रही है, अफीम एवं ब्राउन शुगर के सेवन से समाज में कई दुष्परिणाम निकल कर सामने आ रहे है। शारीरिक,मानसिक स्वास्थ्य,सामाजिक प्रभाव एवं मनुष्य के जनरेशन पर घातक प्रभार पड़ रहा है। इसके अलावा कई कुरितियां भी सामने निकल कर आ रहे है जैसे कि चोरी, छिनतई, अड्डाबाजी एवं अपराधिक प्रवृति के कई कार्य किये जा रहे है।बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में कोलवा, लुटा पाटा, एकतारा में निषिद्ध मादक पदार्थो एवं अवैध अफीम के खेती की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मादक पदार्थों एवं अफीम की खेती से होन वाले दुष्प्रभाव से लोगो को अवगत कराया गया । अफीम की खेती नहीं करने एवं उसके स्थान पर दूसरे वैकल्पिक एवं लाभकारी फसले/खेती करने हेतु जागरूकता किया गया। साथ ही साथ वहां मौजूद महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को चॉकलेट एवं बिस्किट वितरित किया गया तथा वहां मौजूद महिलाएं, बच्चों तथा बुजुर्गों को विशेष रूप से जागरूक किया गया। सभी को संयुक्त रूप से शपथ दिलाया गया कि अफीम की खेती नहीं करेंगे।

### टीएसपीसी के दो उग्रवादियों से एनआइए करेगी पूछताछ

**रांची/चतरा:** टेरर फंडिंग से जुड़े केस में एनआइए जेल में बंद टीएसपीसी के दो उग्रवादियों से पूछताछ करेगी।जिन उग्रवादियों से पूछताछ होगी,उनमें अमर सिंह भोक्ता उर्फ लक्ष्मण गंझू उर्फ कोहराम और आक्रमण उर्फ रवींद्र गंझू शामिल हैं।अमर सिंह भोक्ता वर्तमान में हजारीबाग जेल में बंद है, जबकि रवींद्र गंझू होटवार जेल में बंद है। एनआइए के अधिकारी इन दोनों उग्रवादियों से पूछताछ कर उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी के ब्रजेश गंझू के बारे जानकारी एकत्र करना चाहते हैं।ब्रजेश गंझू चतरा जिला के लावालौंग थाना क्षेत्र का रहने वाला है. वह एनआइए की नजर में केस में लंबे समय से फरार है। एनआइए गंझू के खिलाफ पूर्व में न्यायालय में चार्जशीट कर चुकी है।ब्रजेश गंझू के अलावा टेरर फंडिंग केस से जुड़े अन्य उग्रवादियों के बारे भी एनआइए दोनों उग्रवादियों से पूछताछ कर जानकारी एकत्र करना चाहती है। मामले में न्यायिक हिरासत में दोनों उग्रवादियों से पूछताछ करने के लिए एनआइए की ओर से न्यायालय से अनुमति मांगी थी। एनआइए के अनुरोध पर दोनों से पूछताछ करने की अनुमति न्यायालय ने एनआइए को दी है।

# झारखंड में बंपर सरकारी भर्ती, 600 पदों पर जल्द आरंभ होगी नियुक्ति प्रक्रिया

**◂ वन विभाग में 600 पदों पर भर्ती ◂ गार्ड और रेंजर के पद शामिल ◂ जल्द सरकार को भेजा जाएगा प्रस्ताव**

संवाददाता

**रांची:** राज्य के वन एवं पर्यावरण विभाग में तृतीय श्रेणी के 600 पदों को भरे जाने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। विभाग इसके लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजेगा। गार्ड और रेंजर के पदों पर नियुक्ति के लिए विभाग में लंबे समय से मांग हो रही थी।




वन क्षेत्र में निगरानी एवं संरक्षण कार्य के लिए ये दोनों महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इन दोनों संवर्ग के लिए 1200 पद खाली हैं। इनमें से कुछ पद प्रोन्नति से भरे जाएंगे। अभी वन विभाग में 20 के करीब ही रेंजर काम कर रहे हैं। इनमें से एक के पास पांच से दस रेंज का प्रभार है।

नई नियुक्ति के बाद सभी रेंज को अपना रेंजर मिलेगा। साल 2022 में भी इन पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चलाई गई थी, लेकिन स्थानीयता और शैक्षणिक योग्यता के मामले में स्पष्ट निर्देश नहीं होने से यह पूरी नहीं हो सकी।

वन क्षेत्र में चलने वाली योजनाओं की निगरानी होगी आसानः राज्य में रेंजरों की कमी की वजह से वन क्षेत्र में चलने वाली योजनाओं की निरगानी में समस्या होती है। वन विभाग प्रतिवर्ष 200 करोड़ से अधिक की योजनाएं संचालित करता है। इसमें पौधरोपण से लेकर निर्माण तक शामिल है। नई नियुक्तियों के बाद विभाग खाली पड़े अन्य पदों पर भी प्रकिया प्रारंभ करेगा।

तेज रफ्तार का कहर

## दो बाइक की सीधी टक्कर में एक युवक की मौत

### हेलमेट नहीं पहनना बना मौत का कारण

संवाददाता

**चतरा:** जिला प्रशासन के लाख सख्ती के बाबजूद भी तेज रफ्तार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। वगैर ड्राइविंग लाइसेंस, और हेलमेट के सड़कों पर बाइक चलाना जुर्म है। जानते हुए भी कुछ युवा ना सिर्फ यह जुर्म कर रहे हैं,बल्कि अपनी जिंदगी को खतरे में डाल रहे हैं। मामला चतरा जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत घंघरी - कौलेश्वरी मुख्य पथ पर घंघरी गांव के छठ गली मोड के समीप मंगलवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई । युवक घंघरी बाजार से अपने घर कटैया गांव लौट रहा था । इसी दौरान तेज रफ्तार में आ



रही एक बाइक ने सीधे टक्कर मारी। टक्कर इतना भयावह था कि युवक कुछ दूर तक जाकर सड़क पर जा गिरा , जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को आनन फानन में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।मृत युवक की पहचान वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के कटैया गांव निवासी सरफराज आलम उर्फ राजा (22 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार युवक बाइक पर सवार होकर घंघरी से घर लौट रहा था।घंघरी छठ गली मोड़ के समीप अचानक एक बाइक से टक्कर हो गई। इधर वशिष्ठ नगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बुधवार सुबह पीएम के लिए चतरा भेज दिया है।

हेलमेट पहना होता तो बच सकती थी युवक की जानः हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी।परिजनों ने बताया कि सरफराज उर्फ राजा के सिर में गंभीर चोट आई थी। पुलिस सूत्रों की मानें तो घटनास्थल पर पुलिस को भी कोई हेलमेट नहीं मिला है।

आजकल के युवा हादसे से नहीं ले रहे सीखःअब सवाल उठता है कि जिस युवा शक्ति के बल पर अच्छे भविष्य की कल्पना की जा सकती है। आज के युवा सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष कुछ युवक अपनी जीवन गंवा रहे हैं। लेकिन अफसोस इतनी सड़क हादसे के शिकार होने के बाबजूद भी युवक सिख नहीं ले रहे हैं। सड़क सुरक्षा नियमों को ताख पर रखकर अपनी शान की जिंदगी के पीछे कई युवाओं ने अपनी जान गवां दी है। जान गंवाने वाले यह वह युवा है जिसपर परिवार और समाज की उम्मीदें टिकी होती है।

## प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी समर्थक गिरफ्तार



**चतराः** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लावालौंग थाना क्षेत्र के मांधनिया गांव से नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के सक्रिय समर्थक पिन्टु विश्वकर्मा उर्फ पिन्टु मिस्त्री को गिरफ्तार किया गया। सिमरिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल नेतृत्व में गठित छापामारी टीम द्वारा नक्सली को गिरफ्तार किया गया। नक्सली समर्थक के पास से 10 पीस माओवादी का पर्चा एवं 01 लेपटॉप के बरामद किया गया है। इस संदर्भ मे लावालौंग थाना कांड सं0-73/25 दिनांक 04.10.20225, धारा-308(3)/308(4)/ 308(5)/61(2)/3(5) बीएनएस एवं 17 (।)(11) सीएलए एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छाप२मारी टीम में सिमरिया अंचल के पुलिस निरीक्षक सनोज कुमार चौधरी,लावालौंग थाना के पुअनि विधायक प्रसाद यादव,कुंदा थाना के पुअनि बिक्रम कुमार एवं लावालौंग थाना के रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

## गिद्धौर के अफीम कारोबारी राजेश दांगी की रांची स्थित संपत्तियां जब्त



**चतराः** झारखंड में पहली बार चतरा पुलिस के द्वारा अफीम कारोबारी जिले के गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के रहने वाले बालेश्वर दांगी के पुत्र राजेश कुमार उर्फ राजेश दांगी के चल व अचल को जप्त किया गया है। पुलिस की ओर से यह पहली कार्रवाई है जब अफीम कारोबार से अर्जित संपत्तियों को जब्त किया गया हो। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिद्धौर थाना कांड संख्या 31/ 25 में एनडीपीएस एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त राजेश कुमार उर्फ राजेश दांगी के संपत्ति को एनडीपीएस एक्ट के चैप्टर 5 ए तहत विभिन्न धाराओं में उसके चल व अचल संपत्तियों को जब्त किया गया है। रांची के खेलगांव थाना क्षेत्र के गाड़ीगांव में घर व जमीन को किया जब्तः एसपी ने बताया कि राजेश दांगी के विरुद्ध गिद्धौर थाना में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले की जांच के दौरान पाया गया कि उसने अफीम कारोबार से प्राप्त रुपए से रांची में चल व अचल संपत्ति अर्जित किया है। जिसपर चतरा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 ई के तहत एनसीबी के सहयोग से उसके रांची स्थित चल व अचल संपत्ति को जब्त करते हुए अनुमोदन के लिए सक्षम पदाधिकारी एवं प्रशासक कोलकाता भेजा गया। प्राधिकार ने पुलिस की कार्रवाई को सही ठहराते हुए राजेश दांगी के अफीम कारोबार से अर्जित संपत्तियों को जप्त करने का अनुमोदन दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने उसके संपत्तियों को जब्त करते हुए उसके खरीद बिक्री पर रोक लगा दिया है।



## छठी कार्यक्रम में हुए शामिल जिला परिषद प्रत्याशी

**लावालौंगः** पूर्व जिला परिषद चुनाव में उम्मीदवार रहे युवा नेता गौतम रविदास क्षेत्र भ्रमण के दौरान छठी कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त विषय की जानकारी देते हुए राकेश यादव ने बताया कि मंधनियां पंचायत के बरहेद गांव निवासी बिनोद भोक्ता के घर पुत्री का जन्म हुआ था। जिसके उपलक्ष्य में बिनोद के घर उसकी पुत्री का छठी कार्यक्रम आयोजित किया गया था।सूचना पाकर गौतम रविदास बिनोद के घर पहुंचकर नौनिहाल को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।मौके पर उनके साथ कमलदेव यादव,चंद्रदेव यादव, राजू कुमार,योगेंद्र कुमार महतो, विकास कुमार,जेपी भोक्ता,रविंद्र कुमार,शंकर महतो,आशीष कुमार यादव,नंदकिशोर यादव,तलेश्वर महतो,हजारी भोक्ता,भोला महतो समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# रनियां थाना प्रभारी पर हमले के आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने कराया परेड





संवाददाता

**खूंटी,** जिला के रनियां थाना क्षेत्र के लोहागड़ा में आयोजित एक डाइर मेले में 2 नवंबर को थाना प्रभारी पर हुए जानलेवा हमले मामले में तोरपा अनुमंडल पुलिस ने छह आरोपियों, जिनमें एक महिला भी शामिल है , को गिरफ्तार किया है। हालांकि, आरोपियों को कमर में रस्सी बांधकर सार्वजनिक रूप से परेड कराने की पुलिस की कार्रवाई को लोग गलत ठहरा रहे है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, रनियां थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल पर मेले के दौरान एक शराब की भट्टी में लाठी, डंडे और पत्थरों से हमला किया गया था। इस हमले में थाना प्रभारी का सिर फट गया था और उन्हें 14 टांके लगे। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 20 वर्षीय सुखदेव झोरा 24वर्षीय सनेतर झोरा 45 वर्षीय जगतपाल सिंह 32 वर्षीय मेलानियूस होरो 66 वर्षीय मार्शल कोनगाड़ी और 42 वर्षीय पूनम भेंगरा का नाम शामिल हैं। पुलिस ने हमले में इस्तेमाल हुई लकड़ी, रक्तरंजित पत्थर का टुकड़ा, शराब की बोतल और आरोपियों के वस्त्र भी बरामद किए हैं। गिरफ्तारी के बाद, बुधवार 5 नवंबर को पुलिस ने आरोपियों को कमर में रस्सी बांधकर रनियां थाना परिसर से झारखंड मैदान तक लगभग 500 मीटर की सार्वजनिक परेड कराई। इस दौरान आरोपियों से कान पकड़वाकर माफी भी मनवाई गई। पुलिस के इस कदम की स्थानीय लोगों ने आलोचना की है। लोगों का कहना है कि पुलिस पर हमला गलत है, लेकिन आरोपियों को इस तरह जानवरों की तरह परेड कराना और इस तरह सजा देना भी उतना ही गलत है। उनका मानना है कि आरोपियों को कानून के दायरे में रहकर ही सजा मिलनी चाहिए। खूंटी एसपी मनीष टोप्पो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घटना की पुष्टि की और बताया कि मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है और घटना की गहन जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# लैंड स्कैम का आरोपी पुनीत अग्रवाल जेल में मोबाइल इस्तेमाल करता आया नजर

मेट्रो रेज

**रांची :** राजधानी रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां जेल में बंद कैदी खुलेआम मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते दिखाई दे रहा है। यह खुलासा उस वक्त हुआ जब जेल के दो हाई-प्रोफाइल कैदियों विक्की भालोटिया और विधु गुप्ता का नाचते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।



**जेल में फोन इस्तेमाल करता दिखा पुनीत अग्रवाल**

वायरल वीडियो में पीछे एक व्यक्ति मोबाइल फोन पर बातचीत करता नजर आ रहा है, जिसकी पहचान पुनीत अग्रवाल के रूप में हुई है। पुनीत अग्रवाल झारखंड के अब तक के सबसे बड़े लैंड स्कैम के मुख्य आरोपियों में से एक है। उसे जुलाई माह में सीआईडी ने गिरफ्तार किया था। मोबाइल इस्तेमाल की अनुमति पाने के लिए पुनीत अग्रवाल से भारी रकम वसूली गई !

सूत्रों के अनुसार, जेल के भीतर मोबाइल इस्तेमाल की अनुमति पाने के लिए पुनीत अग्रवाल से भारी रकम वसूली गई थी। इसके बाद उसे मोबाइल की सुविधा दी गई। इस वीडियो ने रांची जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**राजवीर कंस्ट्रक्शन का मालिक है पुनीत अग्रवाल**

पुनीत अग्रवाल पर बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा में 100 एकड़ से अधिक वन भूमि की अवैध खरीद-बिक्री में शामिल होने का आरोप है। वह राजवीर कंस्ट्रक्शन का मालिक है, और अब इस मामले की जांच एऊ ने भी अपने हाथों में ले ली है।

**जेल प्रशासन पर उठे सवाल**

अब सवाल यह उठ रहा है कि जेल के भीतर कैदियों को मोबाइल फोन आखिर किसकी मदद से मिलते हैं? क्या जेल के उच्च अधिकारी इस अवैध गतिविधि से अनजान हैं, या फिर कहीं न कहीं प्रशासनिक मिलीभगत है? इसके अलावा, निरीक्षण के दौरान कभी मोबाइल बरामद न होना भी शक पैदा करता है।। क्या जेल प्रशासन पहले से कैदियों को जांच की सूचना दे देता है?

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में शराब- जीएसटी घोटाले के आरोपी कर रहे थे डांस पार्टी

## वीडियो हुआ वायरल तो जेलर-जमादार हुए सस्पेंड

रांचीः राजधानी रांची के भगवान बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में कुछ कैदियों का डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं, वीडियो वायरल होने के बाद जेल आईजी के निर्देश पर जेलर देवनाथ राम और जमादार विनोद कुमार को सस्पेंड कर दिया गया।

जेलर देवनाथ राम और जमादार विनोद कुमार को सस्पेंड करने के बाद दिनेश वर्मा को नया जेलर बनाया गया है। उन्हें तत्काल योगदान देने का निर्देश दिया गया है। वायरल वीडियो में दो कैदी फिल्मी गानों पर ठुमके लगाते हुए नजर आ रहे हैं। यह वीडियो जेल परिसर के अंदर बने एक हॉल का बताया जा रहा है। इसमें दोनों आरोपी हाफ पैंट और टी-शर्ट में नाचते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में कुछ अन्य कैदी भी मौजूद हैं, जो डांस का मजा ले रहे हैं।

बताया जा रहा है कि डांस करने वालों में एक शराब घोटाले का आरोपी विधु गुप्ता और दूसरा जीएसटी घोटाले का आरोपी विक्की भालोटिया है। वहीं, वीडियो वायरल होने के बाद जेल महकमे में हड़कंप मंच गया। जेल प्रशासन ने आनन-फानन में वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई की।

# रांची के पूर्व उपायुक्त राय महिमापत रे के खिलाफ एसीबी ने दर्ज की पीई, कार्रवाई की तैयारी

संवाददाता

**रांची :** झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की कार्रवाई लगातार जारी है। इस वर्ष शराब घोटाला, हजारीबाग में हुए लैंड स्कैम और अन्य चर्चित मामलों में एक के बाद एक कार्रवाई के बीच एसीबी ने रांची के पूर्व डीसी और फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए आईएएस अधिकारी राय महिमापत रे के खिलाफ पीई दर्ज किया है।



पीई दर्ज करने के लिए एसीबी ने राज्य सरकार से अनुमति मांगी थी। अनुमति मिलने के बाद एसीबी ने राय महिमापत रे के विरुद्ध अपनी प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, वैसे-वैसे नए खुलासे होने की संभावना है।

राय महिमापत रे के खिलाफ वित्तीय अनियमितता से जुड़े एक मामले में पीई दर्ज हुई है। राय महिमापत रे 2011 बैच के झारखंड कैडर के आईएसएस अधिकारी हैं। वह वर्ष 2018 के फरवरी महीने में रांची के डीसी नियुक्त किये गए थे और वर्ष 2020 के जुलाई महीने तक रांची डीसी के पद पर थे।

फिलहाल वह वर्ल्ड बैंक में सीनियर डिजिटल डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट के पद पर हैं। एसीबी द्वारा पीई दर्ज होने के बाद उनकी मुश्किलें थोड़ी बढ़ सकती हैं, क्योंकि एसीबी ने इस वर्ष अब तक तीन आईएएस अधिकारियों को भ्रष्टाचार के अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसमें राज्य के वरीय आईएसएस अधिकारी विनय चौबे भी शामिल हैं।

# भैरव सिंह को चुटिया केस में हाईकोर्ट से मिली बेल

मेट्रो रेज



**रांचीः** हिंदूवादी नेता भैरव सिंह को हाईकोर्ट ने गुरुवार को जमानत दे दी है। न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की अदालत ने उन्हें 20-20 हजार रुपये के दो निजी मुचलके जमा करने की शर्त पर बेल प्रदान की।

भैरव सिंह पर यह मामला रांची के चुटिया थाना क्षेत्र में हुए विवाद से जुड़ा है। इस संबंध में चुटिया थाना में कांड संख्या 125/2025 दर्ज की गई थी। इससे पहले रांची सिविल कोर्ट ने 13 अगस्त को उनके बेल आवेदन को अस्वीकार कर दिया था। हाईकोर्ट में उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार ने याचिका की पैरवी की और कोर्ट ने भैरव सिंह को राहत दी।



## स्वर्णरेखा में भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

**रांचीः** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को रांची में स्वर्णरेखा नदी के केतारी बागान घाट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा था। अहले सुबह से ही श्रद्धालु स्नान के लिए नदी तट पर पहुंचने लगे थे। सुबह पांच बजे जैसे ही सूर्य की पहली किरण पड़ीं, श्रद्धालुओं ने पवित्र जल में डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्ति की कामना की। स्नान के बाद भक्तों ने ऐतिहासिक इक्किसों महादेव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। नदी किनारे दर्जनों पुजारी सत्यनारायण भगवान की कथा और हवन करवाने में जुटे रहे। पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने परंपरा निभाते हुए जरूरतमंदों को वस्त्र, अन्न और धन दान किया।

दरिद्र नारायण भोज का आयोजनः दरिद्र नारायण भोजन समिति ने इस अवसर पर गरीब और असहाय लोगों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से निभाई जा रही है। पूर्णिमा से एक दिन पूर्व गरीबों को आमंत्रित किया जाता है और पूर्णिमा के दिन भोजन कराया जाता है। सैकड़ों लोगों ने भोजन ग्रहण किया। रांची विधायक सीपी सिंह भी मंदिर पहुंचे और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।


रांची में ड्रग्स रैकेट का खुलासा

# युवती समेत चार गिरफ्तार, 28 लाख की ब्राउन शुगर जब्त

संवाददाता

**रांची :** रांची पुलिस ने ड्रग्स का कारोबार चलाने वाले एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से कुल 140 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत करीब 28 लाख रुपए बताई गई है। साथ ही 2.76 लाख रुपए नकद और कई आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।

रांची के एसएसपी राकेश रंजन को सूचना मिली थी कि कुछ लोग बिहार के सासाराम से ब्राउन शुगर लेकर रांची आ रहे हैं और न्यू मार्केट चौक, रातू रोड के पास इसकी सप्लाई करने वाले हैं।



सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में डीएसपी कोतवाली की अगुवाई में एक विशेष जांच टीम गठित की गई।

टीम ने देर रात न्यू मार्केट चौक स्थित टेंपो स्टैंड के पास घेराबंदी की और संदिग्ध गतिविधि के बीच एक महिला को पकड़ा, जबकि उसके सहयोगी मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार महिला की पहचान शाइस्ता परवीन उर्फ सेजल खान (23) के रूप में की गई। उसकी तलाशी में 92.46 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई।

उसने पूछताछ में खुलासा किया कि वह यह सप्लाई सासाराम (बिहार) के बबन साह उर्फ मौसा जी और सूरज कुमार से लेकर आई थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बरियातू के एदलहातु स्थित किराए के मकान में छापेमारी कर 10.24 ग्राम अतिरिक्त ब्राउन शुगर और 2.65 लाख रुपए बरामद किए तथा उसके पिता मोहम्मद सरवर (52) को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में सेजल ने बताया कि उसकी बहन शगुफ्ता परवीम उर्फ मुस्कान और जीजा मोहम्मद राजू भी रातू इलाके में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करते हैं। इस सूचना पर पुलिस ने अलकमर कॉलोनी में छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 36.85 ग्राम ब्राउन शुगर और 11,720 रुपए बरामद किए।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि यह गिरोह सासाराम से ब्राउन शुगर मंगाकर रांची के हिंदपीढ़ी, सुखदेवनगर, मोराबादी और कोतवाली क्षेत्रों में ऊंचे दाम पर बेचता था। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। छापेमारी अभियान में डीएसपी प्रकाश सोय, डीएसपी संजीव बेसरा, डीएसपी प्रभात कुमार बेक, सुखदेवनगर थाना प्रभारी अशोक कुमार सहित महिला थाना प्रभारी रेणुका टूडू और अन्य अधिकारी शामिल थे।

# कार्तिक उरांव जयंती समारोह सह कार्तिक पूर्णिमा जतरा



संवाददाता

**रांची :** इटकी के तरगड़ी गांव स्थित जुमरा मैदान में बुधवार को कार्तिक उरांव जयंती समारोह सह कार्तिक पूर्णिमा जतरा का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव शामिल हुई। उन्होंने स्व कार्तिक उरांव के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कार्तिक उरांव विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। एक साधारण परिवार में उनका जन्म हुआ था। उन्होंने उच्च शिक्षा हासिल कर विदेश में पढ़ाई कर एक सफल इंजीनियर बने। बाद में राजनीति में आये और समाज के उत्थान के लिये कई अहम कार्य किये। कहा कि हमारी भाषा, संस्कृति, जल, जंगल, जमीन, सामाजिक व्यवस्था, परंपरा पूर्वजों से जो हमें विरासत में मिला है, इसे बचाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। समारोह को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद झारखंड के युवा अध्यक्ष आकाश तिर्की, जिप सदस्य रीना देवी सहित अन्य ने संबोधित किया। समारोह में विभिन्न खोड़हा दलों के महिला पुरुष पारंपरिक वेश भूषा में मांदर ढोल नगाड़ों की थाप पर नृत्य गान किया। मौके पर पर ज्योत्सना केरकेट्टा, मंटू केरकेट्टा, डब्बू केरकेट्टा, अजय किस्पोट्टा, अवध उरांव, मंगा उरांव, मंगरा उरांव, तेतरी उरांव, ललिता खलखो, रंजीत उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

# रिम्स निदेशक ने न्यूरोलॉजी हेड को जारी किया नोटिस, खुद संभाला ओपीडी

## डॉ सुरेंद्र निर्धारित समय पर ओपीडी में नहीं थे उपस्थित

**रांचीः** रिम्स निदेशक प्रो डॉ राज कुमार ने ओपीडी के समय न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार की अनुपस्थिति पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्हें शो-कॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है।

जानकारी के अनुसार, निदेशक डॉ राज कुमार बुधवार को न्यूरोसर्जरी ओपीडी में चिकित्सकीय परामर्श के लिए जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि न्यूरोलॉजी ओपीडी के बाहर बड़ी संख्या में मरीज डॉक्टर के इंतजार में बैठे हैं।



जांच करने पर पाया गया कि डॉ सुरेंद्र निर्धारित समय पर ओपीडी में उपस्थित नहीं थे। बाद में वे करीब 12:30 बजे पहुंचे और निदेशक से बातचीत के दौरान असंवेदनशील व अनुचित व्यवहार करते हुए कहा कि हम लोग मेहनत करते हैं और आप केवल परेशान कर रहे हैं, मैं बर्दाश्त नहीं करूंगा। निदेशक ने इस घटना को अत्यंत गंभीर मानते हुए कहा कि मरीजों के हित से जुड़ी किसी भी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने डॉ सुरेंद्र के खिलाफ शो-कॉज नोटिस जारी करने और ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित रहने पर कड़ी चेतावनी देने का निर्देश दिया है। विदित हो कि पूर्व में भी डॉ सुरेंद्र के ओपीडी समय में अनुपस्थित रहने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। निदेशक ने कहा कि यदि इस बार भी संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलता है, तो विभागीय स्तर पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी। निदेशक ने खुद मरीजों को दिया परामर्शः निदेशक ने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वयं न्यूरोलॉजी ओपीडी के मरीजों को परामर्श दिया। यह पहली बार नहीं है, जब डॉ राज कुमार ने डॉक्टर की अनुपस्थिति में खुद ओपीडी संभाली हो।

# प्रकाश पर्व पर दिखा आस्था और एकता का अद्भुत संगम

## गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने टेका मत्था

**रांचीः** राजधानी रांची में गुरुनानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर आस्था और एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। गुरुनानक स्कूल परिसर में सजे दीवान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मत्था टेका, राज्य की खुशहाली की कामना की और गुरु नानक देव जी के संदेशों को समूचे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी दीवान में पहुंचकर मत्था टेका और लंगर प्रसाद ग्रहण किया। दीवान में कीर्तन, शबद गायन और सेवा भाव की मिसाल ने वातावरण को आध्यात्मिकता से भर दिया। गुरु के दरबार में सजी साध संगत में सामाजिक एकता, भाइचारा और सेवा की भावना का बेहतर दृश्य देखने को मिला। राज्य के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया और गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर चलने का संकल्प दोहराया।

**सहज पाठ के समापन के साथ दीवान की शुरूआत**

कार्यक्रम की शुरूआत सहज पाठ के समापन के साथ हुई। इसके बाद हुजूरी रागी भाई भरपूर



सिंह ने कीर्तन गायन कर दीवान की शुरूआत की। कथावाचक ज्ञानी बलदेव सिंह ने गुरु नानक देव जी की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों और सत्य के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर रणवीर सिंह, राहत कौर, मेहर कौर, जपलिन कौर, साहिब कौर, गुरनीत कौर, अरनीर कौर और सोहम सिंह ने कीर्तन प्रस्तुत किया। रागी भाई सरबजीत सिंह ने गुर पुरा मिलाए मेरा प्रीतम हाऊ वार-वार अपने गुर को जासाङ्क, इक बाबा अकाल रूपङ्क समेत अन्य शबदों का गायन कर साध संगत को भावविभोर किया। गुरु नानक स्कूल और गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी शबद गायन किया। वहीं, गुरु गोविंद सिंह स्कूल, कमड़े के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ढाढ़ी कीर्तन को विशेष सराहना मिली। कार्यक्रम का संचालन सभा के महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने किया। इस अवसर पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, त्रिलोचन सिंह, डॉ हरमिंदर वीर सिंह, सुरजीत सिंह सलूजा, ज्ञान सिंह, गुरदीप सिंह दीवाना, हरप्रीत सिंह, परमजीत सिंह टिंकू, कुलतार सिंह, रणजीत सिंह हैप्पी, हरमीत सिंह, कर्नल विजय सिंह और रणप्रीत सिंह उपस्थित थे।

**श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया**

प्रकाश पर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इसके लिए विशेष व्यवस्था की गयी थी। सेवा में अनेक लोग लगे हुए थे। कई श्रद्धालु घर से प्रसाद तैयार कर लाये थे, जिसे लंगर में वितरित किया गया। इसके अलावा चाय, नाश्ते और चिकित्सा शिविर की व्यवस्था भी की गयी थी। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गये थे।

**गुरु नानक देव जी के विचार समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत : सीएम**

गुरु नानक देव जी की जयंती पर मैं हर साल शामिल होने आता हूं। मेरी विशेष आस्था है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुनानक स्कूल परिसर में सजाये गये विशेष दीवान में कही। यह दीवान गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से सजाया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन अत्यंत शुभ और पवित्र है। यह सिख समाज के लिए महत्वपूर्ण दिन है और मैं स्वयं हर वर्ष इस दिन यहां आता हूं। इस प्रकाश उत्सव में शामिल होकर मुझे अत्यंत हर्ष की अनुभूति होती है। यह आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधने का संदेश देता है। गुरुनानक देव जी के विचार, कर्म और समर्पण हमें यह सिखाते हैं कि एक-दूसरे का हाथ थामकर, एकजुट होकर आगे बढ़ना ही दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि प्रकाश उत्सव में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से सिख समाज के लोग पहुंच रहे हैं। गुरुनानक देव जी के प्रति सच्ची श्रद्धा ही लोगों को यहां खींच लाती है। इस अवसर पर गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी उपस्थित थीं। उन्होंने भी राज्यवासियों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं।

**राज्यपाल ने मत्था टेका, चीफ जस्टिस भी हुए शामिल**

इससे पूर्व राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी यहां पहुंचकर मत्था टेका और राज्यवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने सभी को प्रकाश पर्व की बधाई दी और लंगर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति की ओर से राज्यपाल, मुख्यमंत्री, श्रीमती सोरेन, विधायक सीपी सिंह सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान भी सपत्निक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक प्रकरण

# अभ्यर्थियों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा राजभवन, सौंपा ज्ञापन

**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) सीजीएल परीक्षा पेपर लीक प्रकरण को लेकर राज्यभर के अभ्यर्थियों में रोष बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में आज अभ्यर्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल महोदय से राजभवन में भेंट कर इस प्रकरण से संबंधित कई गंभीर मुद्दों पर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।



अभ्यर्थियों ने राज्यपाल से मुलाकात के दौरान पेपर लीक मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि इस मामले ने न केवल राज्य की भर्ती प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि हजारों युवाओं के भविष्य को भी प्रभावित किया है।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## बिहार विधानसभा चुनावः पहले चरण का मतदान नतीजे की रूपरेखा तय कर देगा

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 121 सीटें ही तय कर देंगी कि प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सत्ता में वापसी होगी या विपक्षी गठबंधन सत्ता की सवारी करेगा।अधिकांश धुरंधर नेताओं की किस्मत का फैसला इस चरण में ही होने वाला है। बिहार विधानसभा के मौजूदा चुनाव में भी जतीय टकराव की अंतर्ध्वनि साफ तौर पर सुनी जा सकती है। पहले चरण की 121 सीटों में 26 सीटें ऐसी जहां सवर्ण उम्मीदवारों और पिछड़ी जाति के उम्मीदवारों में सीधा मुकाबला है। 33 सीटों पर जदयू और राजद उम्मीदवारों में सीधी टक्कर है। वहीं, 23 सीटों पर भाजपा और राजद में आमने-सामने की भिड़ंत है। इनमें बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंगल पांडे, नितिन नवीन, कृष्ण कुमार मंटू, रामकृपाल यादव की चुनावी किस्मत दांव पर है। भाजपा के 13 सवर्ण उम्मीदवारों का मुकाबला राजद के कद्दावर नेताओं से होगा, जिनमें ज्यादातर सवर्ण उम्मीदवार हैं। मंगल पांडे का सामना पूर्व स्पीकर अवध बिहारी चौधरी से है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को राजद उम्मीदवार अरुण कुमार टक्कर दे रहे हैं। सबसे चर्चित मुकाबला महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव का माना जा रहा है। उन्हें भी उन्हीं की जाति के उम्मीदवार यानी भाजपा के सतीश कुमार टक्कर दे रहे हैं। कुल मिलाकर पहला चरण बिहार में नई सरकार बनाने का रास्ता बहुत हद तक साफ कर देगा।

इसे देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि 21वीं सदी में भी हम जातियों में ऐसे जकड़े हैं, जिनके लिए विकास-रोजगार की बात भी बेमानी है। मौजूदा चुनाव में सभी दलों ने हमेशा की तरह जाति-समुदाय को ध्यान में रख कर ही टिकटों का वितरण किया है। सामाजिक समरसता, विकासन्मुख चेहरा आदि बातें सिर्फ कागजी साबित हुईं। ऊपर से कोई दल ऐसा नहीं जिसने इस बार भी बाहुबलियों को टिकट न दिया हो। सभी दल दबंगों का साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं। यही कारण है कि चुनाव में हिंसक घटनाएं भी हो रही हैं। मोकामा में हुई हत्या ने चुनाव के रक्तरंजित होने के अंदेशे को बल दे दिया है। बाहुबली अनंत सिंह इस मामले में जेल में हैं और चुनाव उम्मीदवार भी हैं। बहरहाल, पहले चरण में भिड़ंत सवर्ण और पिछड़े उम्मीदवारों के बीच होगी। करीब 18 विधानसभा सीटों पर चुनावी लड़ाई सीधे-सीधे सवर्ण बनाम सवर्ण है। 18 सीटों पर एनडीए-महागठबंधन दोनों ने सवर्ण उम्मीदवार मैदान में उतरे हुए हैं। 8 सीटों पर भूमिहार, 4 सीटों पर ब्राह्मण आमने-सामने हैं। दरभंगा की अलीनगर से भाजपा उम्मीदवार लोक गायिका मैथिली ठाकुर को राजद के विनोद मिश्रा टक्कर दे रहे हैं। वहीं, बेनीपुर सीट पर जदयू-कांग्रेस के दोनों उम्मीदवार ब्राह्मण हैं। जातियों की बहती हवा में सियासी दलों ने जातियों का समीकरण अच्छे से बिठाया है।उम्मीदवारों की जातीय पृष्ठभूमि पर गौर करें तो यादव को यादव से, ब्राह्मण को ब्राह्मण से, राजपूत को राजपूत से, भूमिहार को भूमिहार से, दलित को दलित से लड़ाया जा रहा है। इसलिए बिहार का मौजूदा चुनाव मतदाताओं की समझ पर निर्भर है। मतदाता चाहें तो चुनाव का परिदृश्य बदल सकते हैं।राजनीतिक दलों को जातीय गणित और बाहुबल के समीकरण की बजाय शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा, विकास जैसे आम जनता के जरूरी मुद्दों पर वापस लौटने के लिए मजबूर कर सकते हैं।

## युवकों की सशस्त्र क्रान्ति के जन्मदाता

कल्पना कीजिए जेल में कितनी प्रताड़ना मिली होगी कि एक सुगठित सशक्त देह और बुलन्द हौंसला लेकर अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र अभियान चलाने वाले क्रांतिकारी के प्राण ही साथ छोड़ दें। यह वीरता और करुणा से भरी कहानी है सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी वासुदेव बलवंत फड़के की। सामान्य जनों और युवकों को संगठित कर सशस्त्र क्रान्ति का उद्घोष करने वाले वासुदेव बलवंत फड़के को आद्य क्रांतिकारी माना जाता है। स्वतंत्रता के लिये जो सशस्त्र क्रांतिकारी आंदोलन बंगाल में खुदीराम बोस वारेन्द्र मित्रा, पंजाब में भगतसिंह या मध्यभारत में चंद्रशेखर आजाद और राम प्रसाद बिस्मिल जैसे क्रांतिकारियों ने आरंभ किया था। इसकी नींव में 1871 में आरंभ युवकों और जन सामान्य का वह सशस्त्र अभियान था जो महाराष्ट्र के रायगढ़ से आरंभ हुआ था और इसे आरंभ करने वाले थे कुशल संगठक और वीर वासुदेव बलवंत फड़के। इनका जन्म 4 नवम्बर 1845 को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के अंतर्गत शिरधोन नामक गाँव में हुआ था। उनके पिता बलवंतराव फड़के अपने समय के सुप्रसिद्ध संगीताचार्य थे। यह एक संस्कारी चित्तपावन ब्राह्मण परिवार था। जिसका समर्पण सदैव राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिये रहा है। 1857 की क्रांति का जब दमन हुआ तब वासुदेव मात्र बारह-तेरह वर्ष के थे। एक तो परिवार की पृष्ठभूमि, उसपर उन्होंने क्राँतिकारियों का क्रूरता पूर्वक दमन देखा था। इससे उनके मन में अंग्रेजों के प्रति गुस्सा पनप रहा था। उनकी आरंभिक शिक्षा उनके गाँव में ही और आगे की शिक्षा के लिए वे मुम्बई गये। पढ़ाई के साथ उन्होंने धर्म दर्शन का भी अध्ययन किया। उन्हें नियमित व्यायाम करने और कुश्ती लड़ने का भी शौक था इसके लिये वे प्रतिदिन अभ्यास करते थे। शिक्षा पूरी करके 'ग्रेट इंडियन पेनिंसुला रेलवे' और 'मिलिट्री फाइनेंस डिपार्टमेंट', पूना में नौकरी कर ली। अपनी नौकरी के साथ उन्होने जंगल में एक व्यायामशाला भी स्थापित की। यहाँ वे युवकों को नियमित व्यायाम और कुश्ती का प्रशिक्षण देते थे। समय के साथ यह व्यायाम शाला इतनी प्रसिद्ध हुई कि इससे ज्योतिबा फुले जैसे समाज सेवक और लोकमान्य तिलक जैसे स्वतंत्रता सेनानी भी जुड़े। इस व्यायाम शाला में व्यायाम और कुश्ती के साथ शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जाने लगा। वासुदेव पूरी तन्मयता से अपने काम में लगे थे कि माता की बीमारी की सूचना आई। उन्होंने गाँव जाने के लिये अवकाश मांगा, जो नहीं मिला। वासुदेव नौकरी छोड़कर गाँव आ गये। माता के अंतिम संस्कार के बाद वे पूरी तरह राष्ट्र जागरण के काम में लग गये। उन्होंने दो और व्यायाम शालाएँ आरंभ कीं। व्यायाम शाला आने वाले युवकों में उन्हें गोपाल हरि कर्वे, विष्णु गद्रे, गणेश देवधर जैसे कुछ क्रांतिकारी युवा मिले। इनके साथ उन्होंने सशस्त्र युवकों की एक टोली बनाई। इस टोली ने स्थानीय नागरिकों को शासन की ज्यादतियों से जन सामान्य की रक्षा करने का संकल्प लिया। जहाँ कहीं शोषण और दमन का समाचार मिलता। यह टोली पहुँच जाती। एक प्रकार से इस टोली ने एक क्रांतिकारी सेना का रूप ले लिया जिसकी संख्या तीन सौ तक पहुँच गई थी। इसे भारत की सबसे पहली क्रांतिकारी सेना माना गया। 1857 की क्रांति के दमन के बाद अंग्रेजों ने वसूली अभियान तेज कर दिया था। करों के रूप में यह वसूली भले राजाओं से या सीधे व्यापारियों से इसका सीधा दबाव किसानों और लोक जीवन के कुटीर उद्योग पर पड़ा। इसी बीच उस क्षेत्र में अकाल पड़ गया। पर वसूली न रुकी। अकाल में जन सामान्य की सेवा और सरकारी वसूली रोकने के लिये वासुदेव जी ने अपनी सेना का विस्तार किया और इसमें समीपवर्ती वनक्षेत्रों में कोळ, भील तथा धांगड जनजातियों को भी जोड़ा और इस सेना को एक नाम 'रामोशी' दिया। अपने इस मुक्ति संग्राम के अंतर्गत उन्होंने बलपूर्वक वसूली करने वाले अंग्रेजों के एजेन्टों और साहूकारों को रोकना चाहा, चेतावनियाँ दीं और जो नहीं मानते उनसे धन छीन कर निर्बल समाज में वितरित करना आरंभ कर दिया। इस सेना के निशाने पर अंग्रेज सिपाही और वे अंग्रेज भक्त थे जो भूख से मर रही जनता की बिना परवाह किये अनाज एकत्र करके अंग्रेजों के पास भेज रहे थे।

# साइबर ठगी के शिकार लोगों में आईटी में अग्रणी शहरों के लोग ज्यादा

**सरकारी आंकड़ों की बात करें तो साल 2024 में 22845 करोड़ रुपए से अधिक की साइबर ठगी हुई है। इस साल के शुरूआती पांच माह की ही बात की जाए तो भारतीयों ने सात हजार करोड़ रु. से अधिक की राशि साइबर ठगी में गंवा चुके हैं। असल में साल दर साल साइबर ठगी के मामले और ठगी गई राशि में बड़ी बढ़ोतरी हो रही है। यह तब है कि सरकार ने साल 2018 में साइबर ठगी रोकने के लिए आई4सी का गठन किया है।**

यदि प्रश्न किया जाए कि देश में सूचना प्रोद्यौगिकी में सबसे आगे कौन-सा शहर है तो बिना किसी झिझक एक ही शब्द का उत्तर आयेगा- बेंगलुरु।बेंगलुरू सूचना प्रोद्यौगिकी का बड़ा हब है। उसकी वैश्विक पहचान आईटी हब के रुप में होती है। माना जाना चाहिए कि सूचना प्रोद्यौगिकी या यों कहें कि आईटी में बेंगलुरु वासियों की समझ देश के अन्य प्रदेशों के नागरिकों की तुलना में अधिक ही होगी।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

बेंगलुरु आईटी हब है तो निश्चित रुप से यहां के निवासियों का साक्षरता स्तर और समझ औरों से अधिक होगी। अब तस्वीर का दूसरा पहलू जो सामने आता है वह यह कि देश में साइबर अपराधों से पीड़ितों की भी सबसे अधिक संख्या बेंगलुरु में ही है। साल दर साल साइबर अपराध से ग्रसित लोगों की संख्या बेंगलुरु में बढ़ती जा रही है। हालांकि दिल्ली, हैदराबाद आदि में भी साइबर अपराध से जुड़े मामलों की बड़ी संख्या है। देश के केवल तीन शहरों बेंगलुरु, दिल्ली एनसीआर और हैदराबाद में ही साइबर ठगी के अपराधों का प्रतिशत 65 फीसदी है। यह आंकड़ा केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए गठित इंडियन साइबर क्राइम कार्डिनेशन सेंटर आई4सी की हालिया रिपोर्ट में उभर कर आया है। रिपोर्ट के अनुसार अकेले बेंगलुरु में साइबर ठगी के 26.8 फीसदी मामले हो रहे हैं तो दिल्ली एनसीआर में 18.4 और हैदराबाद में 19.97 प्रतिशत मामले सामने आ रहे हैं।

सरकारी आंकड़ों की बात करें तो साल 2024 में 22845 करोड़ रुपए से अधिक की साइबर ठगी हुई है। इस साल के शुरूआती पांच माह की ही बात की जाए तो भारतीयों ने सात हजार करोड़ रु. से अधिक की राशि साइबर ठगी में गंवा चुके हैं। असल में साल दर साल साइबर ठगी के मामले और ठगी गई राशि में बड़ी बढ़ोतरी हो रही है। यह तब है कि सरकार ने साल 2018 में साइबर ठगी रोकने के लिए आई4सी का गठन किया है। समय-समय पर मोबाइल पर कॉल करते ही साइबर ठगी से बचने का संदेश कॉलर टोन के रुप में होता है तो सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर साइबर ठगों द्वारा अपनाये जाने वाले तरीकों से बचने के लिए आगाह किया जाता रहा है। एक और यह कि साइबर ठगी के खतरों से आज का लगभग प्रत्येक व्यक्ति वाकिफ है लेकिन गलती कर ही रहा है। फिशिंग, स्पूकिंग, स्पैम और साइबर स्टाकिंग के साथ ही डिजिटल अरेस्ट का आज मोबाइल एण्ड्रायड रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति जानकार है। साइबर ठगी के अधिकांश शिकार पैसे वाले और उसमें भी अधिकांश उच्च पदों से रिटायर्ड अधिकारी होते हैं। उनकी समझ पर किसी तरह का प्रश्न नहीं उठाया जा सकता। यह सब होने के बावजूद चीन, म्यांमार, लाओस, थाईलैंड व ऐसे ही अन्य स्थानों से ठगों द्वारा भारतीयों को पैसे के लालच से जोड़ कर यह अपराध करवा रहे हैं। देखने में यह भी आया है कि साइबर ठग डिजिटल अरेस्ट चंद मिनटों तक नहीं बल्कि एक-दो दिन या इससे भी अधिक दिनों तक रखकर आसानी से डरा-धमका कर खातों से मोटी धनराशि उगाह ले रहे हैं। इसके शिकार में फंसे लोग इस कदर भ्रमित हो जाते हैं कि लाखों-करोड़ों में राशि देते समय आगे-पीछे की सोचना भूल जाते हैं।सरकार द्वारा साइबर ठगी के खिलाफ टोल फ्री नंबर जारी करने के साथ अवेयरनेस कार्यक्रम भी लगातार चलाया जा रहा है। आई4सी को सशक्त बनाया जा रहा है। 782 करोड़ रुपए के साइबर सिक्योरिटी प्रोजेक्ट पर भी तेजी से काम हो रहा है। पर दशकों से हाईवे के किनारों पर दिखाई देने वाला स्लोगन सावधानी हटी-दुर्घटना घटी और सतर्कता ही बचाव है- एक समय भले यातायात सुरक्षा के प्रमुख अवेयरनेस संदेश होते थे पर लगता आज साइबर ठगी से बचने के लिए भी यह संदेश अधिक कारगर दिखाई दे रहे हैं। बार-बार यही कहा जाता है कि अनजान नंबरों से आने वाले वीडियो कॉल की अनदेखी करें। इसी तरह मोबाइल या मेल पर आने वाले अनजाने लिंक पर क्लिक करने से भी बचें। कोई कॉल या वीडियो कॉल पर किसी भी तरह का अफसर बनकर कॉल करे तो उसे तरजीह ना दें। ज्यादातर मामलों में आपको या आपके परिवार के निकटस्थ को अवैध गतिविधियों में लिप्त होने का झूठा भय दिखा कर ठगी की जा रही है। यह अब कोई नई बात नहीं रही। ऐसे में सावधानी बरत कर साइबर ठगी से बच सकते हैं। डिजिटल अरेस्ट के हालात नहीं बनने दिए जा सकते हैं। जब घर में भी कोई सदस्य या परिचित रुपया-पैसा उधार मांगता है तो हम दस बार सोचते हैं, आनाकानी करते हैं तो फिर ना जाने ऐसा कौन-सा सम्मोहन या भय के हालात हो जाते हैं कि अपनी मेहनत की पूंजी को ठगों के हवाले कर देते हैं। ऐसे में सौ बात की एक बात यह है कि सतर्कता ही एकमात्र बचाव है। हमें सतर्क रहकर ही साइबर ठगों के जाल को नष्ट करना होगा। अन्यथा देश के सर्वाधिक जानकार, विशेषज्ञ और पढ़े-लिखे लोग ही अधिक शिकार हो रहे हैं तो फिर किसे दोष दिया जा सकता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# दुनिया को दत्तोपंत ठेंगड़ी के भारतीय आर्थिक दृष्टिकोण की जरूरत

**मध्य प्रदेश के खंडवा जिले का ताजा मामला इसी चिंता की जड़ को उजागर करता है। पेठिया गांव के इमामबाड़े में इमाम जुबेर अंसारी के कमरे से जब पुलिस ने करीब 19.87 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए, तो यह सिर्फ एक आपराधिक घटना नहीं रही। यह उस सच्चाई का आइना बन गई है जिसमें कुछ लोग मजहब और शिक्षा की आड़ में राष्ट्र की आर्थिक संरचना को खोखला करने में लगे हैं।**

दत्तोपंत ठेंगड़ी का जन्म 10 नवंबर, 1920 को महाराष्ट्र के वर्धा जिले के आर्वी गाँव में हुआ था। उन्होंने नागपुर के लॉ कॉलेज से एलएलबी और मॉरिस कॉलेज से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। साल 1940 में जब एम.एस. गोलवलकर गुरुजी को संघ का दूसरा सरसंघचालक नियुक्त किया गया, तो उन्होंने संगठन का दायरा बढ़ाने के लिए युवाओं को आरएसएस प्रचारक के रूप में पूर्णकालिक सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस निमंत्रण पर ठेंगड़ी जी साल 1942 में आरएसएस प्रचारक बन गए और 14 अक्टूबर, 2004 को 84 वर्ष की आयु में अपने निधन तक वहीं रहे। उन्हें अधिकारिक पदों की कोई लालसा नहीं थी। इसी कारण, उन्होंने एनडीए सरकार द्वारा पद्म भूषण पुरस्कार देने का प्रस्ताव ठुकरा दिया। ठेंगड़ी जी को अक्सर ₹मौन रणनीतिकार₹ कहा जाता था। वे अति-प्रतिक्रियाशील वक्ता की बजाय एक दूरदर्शी

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

वास्तुकार थे। उनका मानना था कि दीर्घकालिक परिवर्तन के लिए मजबूत संस्थाएँ, अनुशासन और स्पष्ट सोच आवश्यक हैं। नेतृत्व को नियंत्रित करने के बजाय उन्होंने उसे बढ़ावा देने के लिए पृष्ठभूमि में काम किया। जो लोग उन्हें जानते थे, वे उनकी विनम्रता, राष्ट्रवादी विचारों में उनके अटूट विश्वास और दर्शन, अर्थशास्त्र और इतिहास की उनकी समझ को याद करते हैं। उनका कार्य सांस्कृतिक संबंधों और आर्थिक व्यावहारिकता का एक अनूठा मिश्रण प्रदर्शित करता है। वे दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रचारित एकात्म मानवदर्शन के वैश्विक दर्शन और भारत के सभ्यतागत लोकाचार से प्रभावित थे। वैश्वीकरण, जिसने वैश्विक स्तर पर असमानता और मानवाधिकारों के उल्लंघन को बढ़ाया है, पश्चिमी दुनिया द्वारा रचा गया था। अमीर और अमीर होते जा रहे हैं, और गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। दुनिया की अधिकांश संपत्ति 1% लोगों के पास है। दावोस आर्थिक मंच में प्रस्तुत डऋ्रअट रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के आठ सबसे अमीर लोगों की संपत्ति दुनिया की आबादी के सबसे गरीब आधे हिस्से, यानी 4 अरब लोगों के बराबर है। इसके अलावा, भूख हर साल 80 लाख लोगों की जान ले लेती है, जबकि इलाज योग्य और इलाज न किए जा सकने वाले, दोनों तरह के रोग भी उतनी ही संख्या में लोगों की जान ले लेते हैं। दत्तोपंत ठेंगड़ी ने उन्नत देशों द्वारा छोटे देशों का फायदा उठाने की संभावना पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा, ₹कुछ उन्नत देश (विकसित देश या उनके वैचारिक नेता) पारिस्थितिक संतुलन के प्रयासों में सहयोग नहीं करना चाहते, बल्कि विकासशील देशों के आँगन में अपना प्रदूषण फैलाते हैं।₹ हालाँकि, यह दृष्टिकोण विश्वव्यापी पर्यावरणीय आपदा को बहुत लंबे समय तक नहीं रोक पाएगा और पश्चिमी राष्ट्र भी इससे बच नहीं पाएँगे। विपत्ति अंततः सर्वत्र समृद्धि को नष्ट कर देगी क्योंकि विश्व केवल एक ही है। आर्थिक स्थिति आधार का काम करती है लेकिन विभिन्न अधिरचनात्मक मूल तत्व- वर्ग संघर्षों के राजनीतिक और कानूनी रूप और उनके परिणाम, संविधान और कानूनी रूप- साथ ही प्रतिभागियों के मन में इन वास्तविक संघर्षों की प्रतिक्रियाएँ- राजनीतिक- कानूनी, दार्शनिक सिद्धांत और उनकी धार्मिक मान्यताएँ- सभी ऐतिहासिक संघर्षों के विकास पर प्रभाव डालते हैं और कई मामलों में, उनके स्वरूप को निर्धारित करते हैं।

अपनी पुस्तक ग्लोबल इकोनॉमिक सिस्टमः द हिंदू व्यू में, ठेंगड़ीजी ने तर्क दिया कि ₹यूरोकेंद्रित इतिहास के वर्तमान संस्करण को, जो अनुपात की भावना से रहित है, त्यागना और ऐतिहासिक जाँच के एक नए चरण, एक नए ढाँचे, नए संदर्भों और मूल्यों के एक नए पैमाने की शुरूआत करना अपरिहार्य है, जो वैश्वीकरण को सुगम बनाएगा।₹ इसके अतिरिक्त, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि धर्म की हिंदू अवधारणा एक ऐसी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सर्वोत्तम ढाँचा हो सकती है जो भौतिक संपदा की निरंतर, प्रतिस्पर्धी खोज के बजाय सामाजिक सुख के आदर्श को प्राथमिकता देती है।

शास्त्रों और स्मृतियों जैसे हिंदू धार्मिक ग्रंथों में उल्लिखित नियम ठेंगड़ी की हिंदू आर्थिक व्यवस्था की नींव का काम करते हैं। पश्चिमी आर्थिक विचारधारा द्वारा प्रचारित ₹मजदूरी-रोजगार₹ के विपरीत, उन्होंने प्रगति और विकास के हिंदू मॉडल को स्व-रोजगार के रूप में अपनी प्रमुख विशेषताओं में से एक बताया। कार्यबल में शामिल होने वाले इतने बड़े लोगों को सरकार द्वारा नियोजित नहीं किया जा सकता। पश्चिमी आर्थिक रणनीति की विशेषता सर्वहारा वर्ग की निरंतर बढ़ती सेना के विपरीत, इसका उद्देश्य निरंतर बढ़ते स्व-रोजगार क्षेत्र की स्थापना करना है। हिंदू आर्थिक दर्शन ₹बिना किसी हेरफेर वाले बाजार के मुक्त प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है जहाँ प्रकृति का दोहन किया जाता है, बलात्कार नहीं और समता और समानता की ओर गति होती है। यह व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच पूर्ण सामंजस्य को प्रोत्साहित करता है। हालाँकि, पश्चिमी दृष्टिकोण₹व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच निरंतर संघर्ष और समाज में लगातार बढ़ती असमानताओं₹का परिणाम है। हमारी परंपराओं के अनुसार, समाज तब सबसे अच्छा काम करता है जब सभी पक्ष एक-दूसरे के प्रति सम्मान और साझा जवाबदेही की भावना के साथ अपनी ज़िम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। ₹सह-कार्य₹ का विचार इसी को दशार्ता है। कर्मचारी आर्थिक प्रक्रिया में उत्पादन के उपकरण नहीं, बल्कि सह-निमार्ता होते हैं। ₹श्रमिक को सम्मान₹ और ₹लोक कल्याण₹ की प्राचीन भारतीय अवधारणाएँ इस धारणा के अनुरूप हैं कि कर्मचारियों को प्रबंधन और लाभ-बंटवारे में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। स्वदेशी अर्थशास्त्र के संस्थापक ठेंगड़ी जी के अनुसार, स्वदेशी का संबंध केवल उत्पादों और सेवाओं से कहीं अधिक है। इसका संबंध राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता प्राप्त करने, राष्ट्रीय स्वतंत्रता और संप्रभुता को बनाए रखने और समान अंतरराष्ट्रीय सहयोग में संलग्न होने के दृढ़ संकल्प से है। ₹स्वदेशी देशभक्ति की भावनाओं की व्यावहारिक, बाह्य अभिव्यक्ति है। अलगाववादी सोच राष्ट्रीयता की भावना के समान नहीं है। देशभक्त वैश्वीकरण का विरोध नहीं करते। जब तक अंतरराष्ट्रीय सहयोग को समान माना जाता है, तब तक राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता का उनका तर्क इसके साथ असंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी का युद्धस्तर पर समाधान किया जाना चाहिए। उनकी एक रचना, थर्ड वे, ने स्वदेशी अर्थशास्त्र की नींव रखी। पूंजीवाद और साम्यवाद का स्थान लेने का एकमात्र विकल्प धर्म के सिद्धांतों पर आधारित अर्थव्यवस्था और समाज के प्रति हिंदू दृष्टिकोण है। उनके आदर्श समाज और अर्थव्यवस्था में, स्वरोजगार, मुक्त प्रतिस्पर्धा, समानता और व्यक्ति, समुदाय और प्राकृतिक दुनिया के बीच पूर्ण सामंजस्य, सभी फल-फूलेंगे। प्रत्येक संस्कृति का अपना एक मॉडल होता है। विदेशी निहित स्वार्थों द्वारा थोपा गया या किसी अन्य सांस्कृतिक संदर्भ से आयातित विकास मॉडल हानिकारक हो सकता है। ₹टुवड्र्स अ हिस्ट्री ऑफ नीड्स₹ के प्रसिद्ध लेखक इवान इलिसिट हैं। विकास मिथक के साथ उनके मैक्सिकन अनुभव का वर्णन ₹मेडिकल नेमेसिस₹, टूल्स फॉर कॉन्विविएलिटी एंड डी-स्कूलिंग सोसाइटी₹ में किया गया है। वे ग्रामीण क्षेत्रों और मलिन बस्तियों में रहने वाले गरीबों के जीवन पर विकास के प्रभावों, पारंपरिक कौशल और जीविका के साधनों के क्षरण, सामुदायिक आत्मनिर्भरता, सम्मान और एकजुटता के ह्रास, प्रकृति के विनाश, पारंपरिक परिवेशों से विस्थापन, बेरोजगारी, प्रकृति का विनाश, पारंपरिक आत्मनिर्भर समुदायों से नकदी अर्थव्यवस्था में विस्थापन, सांस्कृतिक जड़हीनता और राजनीतिक भ्रष्टाचार का विश्लेषण करते हैं। यद्यपि रिलीजन और धर्म एक नहीं हैं, फिर भी दुनिया को धर्म की शक्ति को पहचानना चाहिए, न कि रिलीजन की, जिसे साम्यवादी विश्लेषण में अफीम माना जाता है। ठेंगड़ी जी ने ₹धर्म₹ के बौद्धिक आधारों का गहन अध्ययन करके पूंजीवाद और साम्यवाद की अवधारणाओं सें हटकर हिंदू आर्थिक चिंतन को आगे बढ़ाया। इस प्रकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ₹आत्मनिर्भर भारत₹ के आह्वान के वास्तविक दार्शनिक महत्व को समझना और इस वैश्विक संकट और इसके नकारात्मक प्रभावों का मुकाबला करना ठेंगड़ी जी के दृष्टिकोण को समझ कर ही संभव हो सकता है।

## गुरु नानक का प्रकाश पर्व

सिख धर्म के आदि संस्थापक और सिखों के पहले गुरु हैं गुरु नानक देव, जो केवल सिखों में ही नहीं वरन् अन्य धर्मों में भी उतने ही सम्माननीय हैं। उनका जन्म तलवंडी (जो भारत-पाक बंटवारे के समय पाकिस्तान में चला गया) में सन् 1469 में हुआ था। प्रतिवर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा को गुरु नानक जयंती मनाई जाती है, जिसे ह्यप्रकाश पर्वह्न भी कहा जाता है और इस बार 5 नवम्बर को गुरु नानक का 556वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। हालांकि अब तक इसका कारण ज्ञात नहीं है कि गुरु नानक जयंती किसी एक निर्धारित तिथि को न मनाकर कार्तिक मास की पूर्णिमा को ही क्यों मनाई जाती है? नानक जब केवल पांच साल के थे, तभी



धार्मिक और आध्यात्मिक वाताओं में गहन रूचि लेने लगे थे। अपने साथियों के साथ बैठकर वे परमात्मा का कीर्तन करते और अकेले में घंटों कीर्तन में मग्न रहते। दिखावे से कोसों दूर वे यथार्थ में जीते थे। जिस कार्य में उन्हें दिखावे अथवा प्रदर्शन का अहसास होता, उसकी वास्तविकता जानकर वे विभिन्न सारगर्भित तर्कों द्वारा उसका खंडन करने की कोशिश करते। नानक जब 9 वर्ष के हुए तो उनके पिता कालूचंद खत्री, जो पटवारी थे और खेती-बाड़ी का कार्य भी करते थे, ने उनका यज्ञोपवीत संस्कार कराने के लिए पुरोहित को बुलाया। पुरोहित ने यज्ञोपवीत पहनाने के लिए नानक के गले की ओर हाथ बढ़ाया तो नानक ने उनका हाथ पकड़कर पूछा कि आप यह क्या कर रहे हैं और इससे क्या लाभ होगा? पुरोहित ने कहा कि बेटे, यह जनेऊ है, जिसे पहनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है और इसे पहने बिना मनुष्य शूद्र की श्रेणी में रहता है। तब नानक ने उनसे पूछा कि पुरोहित जी, सूत का बना यह जनेऊ मनुष्य को भला मोक्ष कैसे दिला सकता है क्योंकि मनुष्य का अंत होने पर जनेऊ तो उसके साथ परलोक में नहीं जाता। नानक के इन शब्दों से सभी व्यक्ति बहुत प्रभावित हुए और आखिरकार पुरोहित को कहना पड़ा कि बेटा, तुम सत्य कह रहे हो, वास्तव में हम अंधविश्वासों में डूबे हैं।

## टिप्स

### बीमारियों से मुक्ति का अचूक मंत्र

भागदौड़ भारी जिंदगी के चक्कर में खुद की सेहत का ध्यान रखना पाना मुश्किल हो जाता है। बिजी लाइफस्टाइल होने की वजह से लोग अपने शरीर का बिल्कुल भी ख्याल नहीं रखते हैं। शरीर के रोगों से लड़ने के लिए इम्युनिटी स्ट्रांग होना काफी जरुरी है। अगर हमारे बॉडी की इम्युनिटी कमजोर होगी, तो हम बार–बार सर्दी–जुकाम, बुखार और अन्य इंफेक्शन के चपेट नहीं आएंगे। बदलते मौसम में इम्युनिटी को मजबूत रखना काफी जरुरी है। बढ़ते हुए प्रदूषण में अपने सेहत का ध्यान रखना काफी जरुरी है। अगर आप अपनी डाइट में भीगे हुए ड्राई फ्रूट्स का पानी एड ऑन करते हैं, तो यह किसी वरदान से कम नहीं है।

**इम्युनिटी बढ़ाने वाले 5 ड्राई फ्रूट्स का पानी** : यदि आप भी अपनी बॉडी की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना चाहते हैं, तो रात के समय इन 5 ड्राई फ्रूट्स को भिगोकर रखें और सुबह खाली पेट इनका पानी पिएं।

**बादाम** : बादाम सेहत के लिए काफी हेल्दी होते हैं। बादाम में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। इसके सेवन से दिमाग तेज होता है, इसके साथ ही इम्यून सिस्टम की कोशिकाएं भी हेल्दी होती है। रात के समय में 5–6 बादाम भिगोकर रख दें। सुबह बादाम निकालकर रख लें और बचा हुआ पानी पी लें।

**अखरोट** : अखरोट में ओमेगा–3 फैटी एसिड्स की भरपूर मात्रा होती है, यह शरीर की सूजन को कम करने में मदद करता है। अखरोट का पानी पीने से इम्युनिटी बूस्ट होती है। इसके लिए 2 अखरोट की गिरी रात भर भिगो दें। सुबह खाली पेट इसे खाकर इसका पानी पी लें।

**किशमिश** : किशमिश किसी सुपरफूड से कम नहीं है। इसमें आयरन और विटामिन–सी का खजाना है। किशमिश खून बढ़ाने और संक्रमण से लड़ने में सहायक होता है। यह पोषक तत्वों का खजाना है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# 10 से 28 नवंबर तक झारखंड के 14 जिलों में होगा बालिका अस्मिता लीग एथलेटिक्स का आयोजन

## झारखंड के 14 जिलों समेत देश के 300 जिलों में बालिका टेलेंट खोज को लेकर किया जा रहा आयोजन

संवाददाता

**साहिबगंज :** खेल एवं युवा मामले ,भारत सरकार साई द्वारा भारतीय एथलेटिक्स संघ,नई दिल्ली तथा झारखंड एथलेटिक्स संघ के अधिनस्थ संबद्ध जिला एथलेटिक्स संघ के माध्यम से बालिका अंडर 14 एवं अंडर 16 आयु वर्ग के लिए राज्य के 14 जिलों में अस्मिता लीग बालिका एथलेटिक्स का आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य युवा बालिका खिलाड़ियों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखार उन्हें राष्ट्रीय पटल पर लाना है। अस्मिता लीग एथलेटिक्स में ग्रामीण क्षेत्र,विद्यालय,क्लब समेत किसी भी संस्था के बालिका खिलाड़ी निर्धारित आयु वर्ग में भाग ले सकती हैं।विजेता खिलाड़ियों को अस्मिता लीग अंतर्गत मेडल,सर्टिफिकेट प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।जिसके तहत झारखंड में 10 नवंबर को सरायकेला,बोकारो, जामताड़ा 14 नवंबर देवघर,पाकुड़, पश्चिमी सिंहभूम,17 नवंबर धनबाद, पलामू,21 नवंबर पूर्वी सिंहभूम, रामगढ़,24 नवंबर रांची,गढ़वा 28 नवंबर साहेबगंज एवं हजारीबाग में आयोजन किया जाएगा।

निर्धारित जन्म तिथि

जन्म तिथि - बालिका अंडर 14 वर्ष - 21 दिसंबर2011 से 20 दिसंबर2013,स्पर्धा बालिका अंडर 14 वर्षट्रायथलन ग्रुप ए 60 मीटर लंबी कूद 5 मीटर एप्रोच, कूद सीजर,60 मीटर ,लंबी कूद 5 मीटर एप्रोच बैक थ्रो 1किलो शॉटपुट, ट्रायथलन ग्रुप सी

60 मीटर ,लंबी कूद 5 मीटर एप्रोच 600 मीटर

किड्स जेवलिन 5 मीटर रनवे बालिका अंडर 16 वर्ष

60 मीटर ,600 मीटर ,ऊंची कूद सीजर, लंबी कूद

मीटर एप्रोच,शॉटपुट स्टैंडिंग 3 केजीक्स डिसकस थ्रो 1केजी जेवलिन थ्रो 10 मीटर एप्रोच 500 ग्राम,

ऑब्जर्वर विभिन्न जिलों में सफलता पूर्वक आयोजन के लिए वर्ल्ड एथलेटिक्स लेवल 1 एवं 2 कोच नम्रता कुमारी, नीरज राय, अनुपमा श्रीवास्तव, आशु भाटिया, शशांक भूषण, गोपाल ठाकुर, आलमगीर, रणवीर सिंह, दीपक कुमार, मनोहर पाहन, प्रदीपता,राम सिंह, उमेश लोहरा, बिनोद सिंह, चंदन मेहता,दीपक कुमार, प्रभात रंजन तिवारी, प्रिया भारती, योगेश यादव को ऑब्जर्वर बनाया गया है। वहीं वर्ल्ड एथलेटिक्स लेवल लेवल 1 कोच आलोक सिंह राजू साहू,अरविंद कुमार समेत अन्य कोच भी शामिल शामिल किए जाएंगे।

## घाटशिला में झामुमो जीत से लहराएगा अपना परचम : विधायक



संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड मुक्ति मोर्चा की संगठन एवं सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा संगठन में शामिल हो रहे हैं। स्टार प्रचारक राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा पार्टी पट्टा पहनाकर सभी का पार्टी में स्वागत कर रहे हैं।विधायक एमटी राजा ने कहा कि झारखंड सरकार सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वन कर रही है जिससे सभी लोग लाभान्वित हो रहे हैं.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व की सरकार झारखंड के गरीब,शोषित,वंचित व अल्पसंख्यक की आवाज है सरकार की सकारात्मक सोच और कार्य से प्रभावित होकर भाजपा सहित अन्य दल के लोग बड़े पैमाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं घाटशिला की जनता ने ठाना है।सोमेश सोरेन को ही जीत दिलाना है.घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में बतौर स्टार प्रचारक राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा घाटशिला क्षेत्र से महागठबंधन समर्पित झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के जीत सुनिश्चित करने एवं संगठन-सरकार मजबूती प्रदान करने के लिए घाटशिला के आमजन के बीच लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं. मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू,केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा,व राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

## अवैध आयोजनों पर तुरंत रोक लगाने की मांग

संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र में पिछले एक महीने से विभिन्न सुदुरवरती गांवों में अश्लील डांस के आड़ में अवैध रूप से जुआ खेल का संचालन हो रहा है।जिसका वीडियो व फोटो सोशल मीडिया में काफी वायरल भी हुआ है।इस संबंध में कई बार स्थानीय अखबार में प्रकाशित किया गया था। साथ ही कई पंचायत जनप्रतिनिधियों ने भी अश्लील डांस और जुआ संचालन पर रोक लगाने की मांग की थी, बावजूद संचालन होता रहा है। वहीं मामले को लेकर दक्षिण पलाशगाछी पंचायत के मुखिया नफीसा खातुन ने मंगलवार को राधानगर थाना क्षेत्र के पलाशगाछी के आसपास पिछले कुछ दिनों से लगातार आर्केस्ट्रा मेले का आयोजन पर रोक लगाने की मांग किया है।दिए आवेदन पत्र में बताया गया है कि मेले में देर रात तक डीजे बजाया जाता है एवं अश्लील नृत्य प्रस्तुत किए जाते हैं,जिसके कारण गांव का वातावरण पूरी तरह से बिगड़ गया है।रातभर चलने वाले इस कार्यक्रम से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पाठ-पाठन में काफी बाधा उत्पन्न हो रही है। युवाओं में अनुशासनहीनता और अनैतिकता बढ़ रही है। और असामाजिक तत्व सक्रिय हो गए हैं। इन आयोजनों के दौरान चोरी-चकारी जैसी घटनाओं की भी संभावना बनी रहती है। इसके अलावा महिलाओं और बुजुर्गों को रात में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, और गांव की शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रभावित हो रही है।ग्रामवासियों में इसको लेकर गहरा आक्रोश है और सभी चाहते हैं कि मुखिया ने इस प्रकार प्रकार के अवैध आयोजनों पर तुरंत रोक लगाने की मांग किया है।ताकि गांव में शांति, अनुशासन ,नैतिकता और सामाजिक मर्यादा बनी रहे।

## बस के चपेट में आने से दो घायल

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहेट :** बरहरवा जा रही शिव महिमा बस जेएच17एडी 6052 ने बरहेट हाट पाड़ा रोड में पहले तियोटोला गाँव निवासी 10 वर्षीय ओहिद अंसारी पिता अब्दुल अंसारी उसके बाद वहीं कुछ दूरी पर खुटौना गाँव निवासी 40 वर्षीय उदय गोराई के खड़ी टेम्पो में ठोकर मारी।इस घटना में ओहिद अंसारी को सिर में चोट पहुंची है।इधर खड़ी टेम्पो में ठोकर मारने से टेम्पो चालक उदय गोराई घायल हो गया।दोनों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में किया गया। और बेहतर उपचार के



लिए दोनों को रेफर कर दिया गया पुलिस ने बस को बरामद कर लिया है।

## गुरुनानक देव सिंह की जयंती 556वां प्रकाश पर्व मनाया गया



**साहिबगंज :** गुरुनानक देव सिंह की जयंती 556वा प्रकाश पर्व जिला में धूमधाम से मनाया गया।रवि सिंह आजवानी ने बताया कि गुरुनानक देव सिंह की जयंती 556वां प्रकाश पर्व से पूर्व शहर के बाटा रोड स्थित गुरुद्वारा में 48 घंटे का श्रीअखंड पाठ शुरू किया गया था।जो बुधवार को संपन्न हो गया। पटना साहिब से श्री अखंड पाठ करने के लिए तीन सदस्यी पाठी की टीम गिरजा सिंह,इंद्रजीत सिंह,संतोक सिंह साहिबगंज पहुंचे थे।वहीं तालबन्ना स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा ओर बाटा रोड स्थित गुरुद्वारा में निशान साहिब की सेवा,श्री अखंडपाठ समाप्ति के बाद रागी जत्था के भाई रविंद सिंह ने कीर्तन किया।इसके उपरांत अरदास व गुरु का लंगर आयोजित किया गया।जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह

संवाददाता

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का नवम् दीक्षांत समारोह आगामी 17 नवंबर को शहर के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय को दुमका जिला प्रशासन से सहमति प्राप्त हो गई है। कन्वेंशन सेंटर एस.पी. कॉलेज के समीप एग्रो पार्क के पास स्थित है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस बार के दीक्षांत समारोह के लिए राजभवन से भी अनुमति प्राप्त हो चुकी है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. रीना नीलिमा लकड़ा ने जानकारी दी कि इस दीक्षांत समारोह में यूजी सत्र 2021-24, पीजी सत्र 2022-24, पीजी सत्र 2023-25, एम.एड सत्र 2022-24, बी.एड सत्र 2022-24, बी.एड सत्र 2023-25, बीबीए व बीसीए सत्र 2021-24, एमबीए व एमसीए सत्र 2022-24, बी.लिब सत्र 2023-24 तथा एम.लिब सत्र 2023-24 आदि परीक्षाओं के सफल विद्यार्थी भाग लेंगे। समारोह की तैयारियां विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर के नेतृत्व में जोरों पर चल रही हैं। आयोजन की सफलता के लिए मुख्य आयोजन समिति के साथ-साथ विभिन्न उप-समितियों का गठन किया गया है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय का अंतिम दीक्षांत समारोह सितंबर 2024 में आयोजित किया गया था, जिसमें झारखंड के राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री संतोष गंगवार शामिल हुए थे। इससे पहले 2023 के दीक्षांत समारोह में तत्कालीन राज्यपाल एवं वर्तमान उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन उपस्थित थे। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस बार का नवम दीक्षांत समारोह पूरी गरिमा और परंपरा के साथ संपन्न किया जाएगा। तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं और विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल है।

# रेड क्रॉस सोसाइटी की आयोजित बैठक संपन्न

संवाददाता

**दुमका :** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी दुमका शाखा की प्रबंधन समिति की बैठक रविवार को रेड क्रॉस भवन में चेयरमैन डॉ. राजकुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

सचिव डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि बैठक में संगठन की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने, पारदर्शिता बढ़ाने और जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

एजीएम की बैठक और सदस्यता अभियान शुरू करने का निर्णय

बैठक में सबसे पहले रेड क्रॉस की वार्षिक आम सभा (एजीएम) आयोजित करने को लेकर चर्चा हुई। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि एजीएम की तिथि निर्धारित करने के लिए उपायुक्त सह रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष को पत्र भेजा जाएगा। साथ ही, उपायुक्त से मानद कोषाध्यक्ष नियुक्त करने का आग्रह करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया, जिसके लिए पत्राचार की जिम्मेदारी चेयरमैन को सौंपी गई। सदस्यता अभियान पर चर्चा के दौरान तय किया गया कि नई सदस्यता रसीदें छपवाकर उपायुक्त सह अध्यक्ष से अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा और इसके बाद पूरे जिले में सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से समाज के अधिक से अधिक लोगों को रेड क्रॉस से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यालय के नियमित संचालन के लिए स्टाफ की नियुक्ति

प्रबंधन समिति ने यह भी निर्णय लिया कि रेड क्रॉस भवन के पूरे परिसर की सफाई कराई जाएगी ताकि भवन को स्वच्छ और सुव्यवस्थित रखा जा सके। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि रेड क्रॉस कार्यालय नियमित रूप से खुले। इसके लिए एक स्थायी स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी, जिसके लिए शीघ्र ही विज्ञापन प्रकाशित कर चयन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

14 नवंबर को रक्तदान शिविर आयोजित होगा

राज्य रक्त संचरण परिषद द्वारा 12 से 28 नवंबर तक चलाए जा रहे राज्यव्यापी रक्तदान अभियान के तहत, दुमका शाखा ने 14 नवंबर (राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या) को रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया। इस अवसर से पूर्व शहर में जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग स्वैच्छिक रक्तदान के लिए




प्रेरित हो सकें। शहर में रक्तदान और ब्लड सेफ्टी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रमुख स्थानों पर रेड क्रॉस के बैनर लगाए जाएंगे।

एनएटी जांच और ब्लड सेपेरेशन की व्यवस्था की मांग

बैठक में ब्लड सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। समिति ने मांग की कि राजधानी रांची के सदर अस्पताल की तरह उपराजधानी दुमका के ब्लड सेंटर में भी एनएटी (न्यूक्लिक एसिड टेस्ट) जांच अनिवार्य की जाए, ताकि एचआईवी और हेपेटाइटिस जैसी बीमारियों से संक्रमण का खतरा न्यूनतम किया जा सके। इसके साथ ही ब्लड सेपेरेशन की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया ताकि एक यूनिट रक्त का उपयोग चार मरीजों के लिए संभव हो सके। इसके अलावा, अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में ब्लड सेंटर की मॉनिटरिंग कमेटी की नियमित बैठकें आयोजित करने की भी मांग की गई, ताकि ब्लड सेवाओं में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे।

रेड क्रॉस भवन की मरम्मति और अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव

बैठक में रेड क्रॉस भवन के विशेष मरम्मति और जीर्णोद्धार का प्रस्ताव पारित किया गया। समिति ने उपायुक्त सह अध्यक्ष को पत्र लिखकर भवन की स्थिति सुधारने तथा कार्यालय को भूतल पर स्थानांतरित करने का आग्रह करने का निर्णय लिया। भवन के सामने किए गए अतिक्रमण को हटाने, इकरारनामा की शर्तों का उल्लंघन करने वाले दुकानों का आवंटन रद्द करने और किराया को वर्तमान बाजार दर के अनुसार बढ़ाने की अनुशंसा भी की गई।

स्टाफ की उपलब्धता और प्रशासनिक सुधार के लिए पत्राचार

समिति ने उपायुक्त सह अध्यक्ष को पत्र लिखकर रेड क्रॉस सोसाइटी को आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्टाफ उपलब्ध कराने का अनुरोध किया ताकि संगठन की सभी गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित की जा सकें। इसके अलावा, बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पूर्व में बनाए गए सभी सदस्यों को नियमित किया जाए तथा बैंक के माध्यम से सोसाइटी का बारकोड जनरेट कराया जाए, जिससे वित्तीय लेन-देन में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

मानवता की सेवा ही रेड क्रॉस का उद्देश्यः डॉ. उपाध्याय

बैठक के अंत में चेयरमैन डॉ. राजकुमार उपाध्याय ने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी मानवता की सेवा के लिए समर्पित संस्था है। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि रेड क्रॉस के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और इसकी गतिविधियों को सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक का संचालन सचिव डॉ. अमरेंद्र कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार घोष, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र सिंह बिट्ठु, डॉ. सिकंदर कुमार, कार्यकारिणी सदस्य उज्ज्वल कुमार दास और मणि केशरी मौजूद थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### गंगा में पानी बढ़ने से लोगों को हो रही है परेशानी

**साहिबगंज :** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अखलाक नदीम ने साहिबगंज उपायुक्त से जनहित में साहिबगंज फेरी सेवा घाट पिछले बार जैसे सरकारी स्तर पर पैसेंजर जहाज जो साहिबगंज से मनिहारी चलने के लिएजिला प्रशासन द्वारा सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन कुछ महीनो से गंगा मे अत्यधिक पानी बढ़ जाने के कारण यह सुविधा बंद कर दी गई।जिस कारण लोगो को साहिबगंज से मनिहारी कटिहार,

पूर्णिया सहित अन्य जगह जाने मे जाने मे काफी परेशानी हो रही है।वही लोगों को भागलपुर के रास्ते इन जगहों में जाने के लिए काफी समय और पैसे अधिक लग जाता है।वही लोग मनिहारी जाने के लिए नाव का सहारा लें रहे है।नाव में क्षमता से ज्यादा सवारी होने की वजह से हमेशा खतरा बना रहता है।जिस कारण दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती ह।वही कई बार नाव दुर्घटना हो चुका है।श्री नदीम ने उपायुक्त से साहिबगंज से मनिहारी फेरी सेवा पुनः चालू कराने की मांग की है।

### विधि व्यवस्था बनी रहे इसके लिए पुलिस खास नजर रखे : एसडीपीओ

**साहिबगंज/राजमहल :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में बुधवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुआ।इस दौरान लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण,वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सहित कई दिशा-निर्देश दिये गये। गोष्ठी के उपरांत एसडीपीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी थाना प्रभारियों को क्राइम कंट्रोल से संबंधित कई निर्देश दिये गये।बैठक में थाना वार अपराधिक कांडों की समीक्षा की गई। साथ ही कांडों के निष्पादन पर जोर दिया गया। थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनी रहे इसके लिए पुलिस को खास नजर रखने को कहा गया है।साथ ही विधि व्यवस्था का बेहतर ढंग से संधारण, नागरिक सुरक्षा को लेकर भी कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये।अवैध लॉटरी के कारोबार पर नकेल कसने को कहा गया।वारंटी की गिरफ्तारी,थाना क्षेत्र में रात्रि गश्ती,ससमय वाहन चेकिंग आदि का भी आवश्यक निर्देश दिया गया।मौके पर राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी,महिला थाना प्रभारी पूजा कुमारी राधानगर थाना प्रभारी अमर मिंज,तालझारी थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे,गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार रीडर रणवीर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### 5 पंचायत स्तरीय कमेटी का हुआ गठन



**साहिबगंज :** पुराना प्रखंड परिसर बोरियो में झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक कि बैठक प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हंसदा की अध्यक्षता में हुई।बैठक मे संगठन मजबूती को लेकर चर्चा किया गया।बैठक मे मौजूद केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने समीक्षा के दौरान पाया कि कुल 17 पंचायत में से 5 पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन किया गया।वही बचे हुए पंचायत कमेटी को बहुत ही जल्द गठन कर लेने कि बात कही गई है।वही श्री यादव ने कहा की आगामी 9 नवंबर को बरहरवा प्रखंड में जिला कमेटी की बैठक होगी,जिसमे जिला अधिवेशन की तिथि घोषणा की जाएगी।बैठक मे मोहम्मद सद्दाम अंसारी, फूल कुमारी देवी,प्रीतम कुमार पीयूष,मनोज यादव,अभिजीत रक्षित,चार्ल्स मुर्मू,बबलू मरांडी,बुधराय टुडू आदि मौजूद थे।

### गंगा का तट दीपों से जगमगा उठा



**साहिबगंज :** बुधवार को संध्या साढ़े पांच बजे कार्तिक शुक्ल पक्ष,पूर्णिमा तिथि देव दीपावाली के अवसर पर मां गंगा सेवा समिति,साहिबगंज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी साहिबगंज के स्थानीय मुक्तेश्वर धाम,सीढ़ी घाट,गंगा तट पर बड़े धूमधाम,लाइट,बाजा के साथ मां गंगा की भव्य महाआरती की गई।जहाँ 1001 दीप जलाकर सीढ़ी घाट को सजाया गया.वही पंडित धनेश तिवारी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा का विधिवत पूजन अर्चन कर मां गंगा की आरती की गई।पुरा गंगा तट दीपों से जगमगा उठा और वहां उपस्थित श्रद्धालुजनों ने हर हर गंगे,जय मां गंगे, हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।आरती के पश्चात समिति के सदस्यों ने मिलकर दीप दान कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया।इस अवसर पर साहिबगंज मां गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाण्डेय,शशि कुमार सुमन,राजीव ओझा,जगन्मय मिश्रा,सुरेश ओझा,आभाष ओझा,संदीप अवस्थी, सिद्धार्थ कुमार आदि उपस्थित थे।

### कार्तिक पुर्णिमा पर फौजदारी दरबार में पूजा अर्चना को लेकर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बासुकीनाथ : बुधवार कार्तिक पुर्णिमा के दिन बाबा बासुकिनाथ के फौजदारी दरबार में जलार्पण को लेकर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा । कार्तिक पुर्णिमा को लेकर देश विदेश से आये श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी । पुर्णिमा को लेकर मंदिर प्रबंधन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रातः तीन बजे बाबा मंदिर सहित सभी मंदिरों का पट खोला गया । गर्भगृह की साफ सफाई के बाद मंदिर का गेट इंतजार कर रहे यात्रियों के लिए खोल दिया गया । एक घंटे के बाद सरकारी पूजा सम्पन्न कराने को लेकर मंदिर का गेट बंद हुआ । पांच बजे प्रातः पुनः बाबा मंदिर का गेट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया । उसके बाद आगंतुक सभी श्रद्धालुओं ने रात्रि दस बजे तक जलार्पण किया । मंदिर प्रबंधन के बेहतर व्यवस्था के बीच कतार में लग कर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूजा अर्चना किया । कार्तिक पुर्णिमा को लगभग अस्सी हजार श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया और बाबा बासुकिनाथ से अपने अपने परिजनों के खुशहाली का आशीर्वाद मांगा । बासुकिनाथ मंदिर में आगंतुक श्रद्धालुओं ने दिन भर अपने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराया । प्रत्येक पुर्णिमा को नियमित रुप से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ मंगलवार की शाम से ही पहुंचना प्रारंभ हो गया था । सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रातः काल से लेकर दिन के ग्यारह बजे तक शिवगंगा से मंदिर गेट तक दंड दिया।

# गाबा टेस्ट में वापसी की राह पर, लेकिन पूरी एशेज सीरीज खेलना मुश्किल : पैट कमिंस

**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने संकेत दिया है कि वे ब्रिसबेन में होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट में वापसी के लिए तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि सीरीज के सभी टेस्ट मैचों में लगातार खेलना उनके लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। कमिंस जुलाई से पीठ की चोट के कारण क्रिकेट से दूर हैं, लेकिन अब वे तीन-चौथाई रन-अप से गेंदबाजी कर रहे हैं और बुधवार को उन्होंने नेट्स में करीब आठ ओवर फेंके। वे पहले टेस्ट की शुरूआत तक पूरी गति से गेंदबाजी करने की उम्मीद कर रहे हैं। 32 वर्षीय कमिंस ने बताया कि रिहैबिलिटेशन के दौरान उन्हें अब तक कोई दर्द या पुरानी चोट के लक्षण महसूस नहीं हुए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अधिकारी अभी इस पर स्पष्ट नहीं हैं कि कमिंस दूसरे टेस्ट में निश्चित रूप से खेलेंगे या नहीं, लेकिन कप्तान ने खुद कहा कि यही उनका लक्ष्य है। कमिंस ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा, ह्लहमारा पूरा प्लान दूसरे टेस्ट पर केंद्रित है।



फिलहाल शरीर बहुत अच्छा महसूस कर रहा है। पर्थ में एक मजबूत बॉलिंग सत्र करूंगा, उसके बाद स्पष्ट हो जाएगा कि मैं कहां खड़ा हूं।ह्व हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वापसी के बाद हर मैच खेलना आसान नहीं होगा, क्योंकि तीसरे से पांचवें टेस्ट के बीच सिर्फ चार-चार दिन का अंतर है। उन्होंने कहा,ह्लमैं जितना ज्यादा खेल सकूं, उतना खेलना चाहता हूं। लेकिन अगर किसी मैच में 40-50 ओवर गेंदबाजी करनी पड़े और कुछ ही दिनों बाद अगला मैच शुरू हो, तो शायद वो थोड़ा मुश्किल हो सकता है।ह्व कमिंस को नहीं लगता कि उन्हें टेस्ट क्रिकेट से पहले किसी प्रैक्टिस मैच की जरूरत होगी। वे अगले सप्ताह टीम के साथ पर्थ जाएंगे और वहां कोचिंग स्टाफ के साथ रहेंगे। उन्होंने बताया, ह्ल2023 वर्ल्ड कप से पहले भी मैं साउथ अफ्रीका गया था और वहां से मैचों को कोचिंग बॉक्स से देखने का अनुभव मिला। इस बार भी पर्थ टेस्ट में वैसा ही अनुभव लूंगा, जिससे आगे के मैचों में मदद मिल सके। कमिंस की गैरमौजूदगी में मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड पेस अटैक की अगुवाई करेंगे, जबकि स्कॉट बोलैंड को भी अपनी जगह बनाए रखने का मौका मिलेगा। वहीं, कैमरन ग्रीन और ब्यू वेबस्टर ऑलराउंडर की भूमिका में टीम संतुलन बनाए रखेंगे।

2025-26 एशेज सीरीज का कार्यक्रमः
पहला टेस्टः 21-25 नवंबर झ्र पर्थ स्टेडियम। दूसरा टेस्टः 4-8 दिसंबर झ्र गाबा, ब्रिसबेन (डे-नाइट)।
तीसरा टेस्टः 17-21 दिसंबर झ्र एडिलेड ओवल।
चौथा टेस्टः 26-30 दिसंबर झ्र मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड।
पांचवां टेस्टः 4-8 जनवरी झ्र सिडनी क्रिकेट ग्राउंड।

दोनों टीमें इस प्रकार हैं
ऑस्ट्रेलिया (पहला टेस्ट):
स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिचेल स्टार्क, जेक वेदराल्ड, ब्यू वेबस्टर।
इंग्लैंड:
बेन स्टोक्स (कप्तान), हैरी ब्रूक (उपकप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, शुऐब बशीर, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, बेन डकेट, विल जैक्स, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), जोश टंग, मार्क वुड।



# उर्वशी रौतेला ने 16 लाख की लाल लहंगे में दीवाली पार्टी में दिखाया जलवा

**उर्वशी** रौतेला ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस स्टाइल आयकॉन में से एक क्यों मानी जाती हैं। एक दीवाली सेलिब्रेशन में वह जैसे ही 16 लाख रुपये के शानदार लाल लहंगे में पहुंचीं, सबकी नज़रें उन पर थम गईं। यह आलीशान लहंगा बारीक कढ़ाई और शानदार कारीगरी से सजा हुआ था, जिसने त्योहारी फैशन की खूबसूरती को बखूबी दर्शाया और उर्वशी के शाही अंदाज़ को और भी उभार दिया। गहरे लाल रंग ने जहां पारंपरिक छटा बिखेरी, वहीं उसके डिज़ाइन और स्टाइलिंग में मॉडर्न टच ने उनके लुक को एकदम दिव्य बना दिया। इस पूरे लुक को और भी खास बनाया उर्वशी के अंदाज़ ने – उनकी शालीनता, आत्मविश्वास और सहजता ने लोगों का ध्यान तुरंत अपनी ओर खींच लिया। उनका ज्वेलरी चुनाव, मेकअप और स्टाइलिंग लहंगे के साथ खूबसूरती से मेल खा रहे थे, जिसने उन्हें एक एथरियल फेस्टिव ग्लो दिया।

इतने भव्य परिधान के बावजूद, उर्वशी का व्यवहार विनम्र और सौम्य रहा। उन्होंने अपनी प्यारी मुस्कान के साथ सभी मेहमानों और फोटोग्राफ़रों का गर्मजोशी से अभिवादन किया, जिससे ग्लैमर में एक अपनापन जुड़ गया। इस लुक के साथ उर्वशी रौतेला ने सिर्फ दीवाली पार्टी में शिरकत ही नहीं की, बल्कि एक साथ परंपरा, उत्सव और लक्ज़री की भावना को साकार कर दिया। उनके इस त्योहारी फैशन मोमेंट ने इस साल दीवाली ग्लैमर के मापदंड को नए स्तर पर पहुँचा दिया है।

## 2017 के ताजमहल से जुड़े वायरल पोस्ट पर

# परेश रावल ने तोड़ी चुप्पी



वरिष्ठ अभिनेता परेश रावल भारतीय सिनेमा के उन कलाकारों में से हैं, जिन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अभिव्यक्ति के लिए हमेशा तारीफ पाई है। अभिनय की दुनिया में उनके योगदान के अलावा, वह अक्सर सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर खुलकर अपनी राय भी रखते हैं। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'द ताज स्टोरी' के प्रमोशन के दौरान, परेश रावल ने अपने 2017 के एक वायरल पोस्ट के बारे में बात की, जिसने उस समय काफी सुर्खियां बटोरी थीं। यह पोस्ट तब का है, जब ताजमहल के इतिहास को लेकर लोगों के बीच विवाद और बहस चल रही थी। बता दें कि 2017 में परेश रावल ने उन लोगों की आलोचना की थी, जिन्होंने ताजमहल को मुगल वास्तुकला का हिस्सा न मानकर उसके इतिहास पर सवाल उठाया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (तब ट्विटर) पर लिखा था कि ताजमहल, जो प्यार का प्रतीक है, अब नफरत का प्रतीक बन गया है। उन्होंने इसे 'बेवकूफी भरा, अनावश्यक, दुखद और निराशाजनक विवाद' करार दिया था।

इस पर परेश रावल ने कहा, ''मेरा पोस्ट उस समय की मीडिया रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया पर था। उस समय कुछ अखबारों और मीडिया हाउसों में यह दावा किया जा रहा था कि ताजमहल एक हिंदू स्मारक है। इस पर मैंने प्रतिक्रिया दी थी, साथ ही स्पष्ट किया कि मेरा उद्देश्य किसी धर्म या समुदाय के खिलाफ नहीं है। मैं बस उस बेकार विवाद के खिलाफ हूं, जो समाज में केवल नफरत फैलाता है।'' उन्होंने आगे कहा, 'मेरी फिल्म 'द ताज स्टोरी' में कोई हिंदू-मुस्लिम विवाद नहीं है। फिल्म का ध्यान केवल इतिहास पर है और मैंने इसे निष्पक्ष नजरिए से पेश किया है।' परेश रावल ने कहा कि अगर कोई सवाल पूछता है तो उसे सांप्रदायिक करार दे दिया जाता है और यदि कोई जवाब देता है तो उसे प्रचारक मान लिया जाता है।

# लियोनेल मेसी 2025 एमएलएस बेस्ट इलेवन टीम के कप्तान चुने गए



**नई दिल्ली :** फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेसी को इस सीजन के मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) की सर्वश्रेष्ठ टीम (बेस्ट इलेवन) का कप्तान चुना गया है। इस सूची में नौ अलग-अलग क्लबों के खिलाड़ियों को जगह मिली है। इंटर मियामी के इस अर्जेंटीनी फॉरवर्ड ने इस सीजन में 29 गोल और 19 असिस्ट किए, यानी कुल 48 गोल योगदान दिए – जो 2019 में कार्लोस वेला द्वारा बनाए गए 49 योगदानों के रिकॉर्ड से बस एक कम है। मेसी अब लीग इतिहास में लगातार दो बार एमवीपी पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बनने की राह पर हैं। बुधवार को एमएलएस द्वारा घोषित इस सूची में सात देशों के खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें से छह खिलाड़ी पहली बार बेस्ट इलेवन में जगह बना पाए हैं। फिलाडेल्फिया यूनियन (जेकब ग्लेसनेस और काई वाग्नर) और वैंकूवर व्हाइटकैप्स (ट्रिस्टन ब्लैकमोन और सेबेस्टियन बर्हाल्टर) ऐसी दो टीमें हैं जिनके दो-दो खिलाड़ी इस सूची में शामिल हैं। बेस्ट इलेवन का चयन हर साल मीडिया, एमएलएस खिलाड़ियों और क्लब टेक्निकल स्टाफ के वोटों से किया जाता है।

2025 एमएलएस बेस्ट इलेवन टीम

गोलकीपरः डेन सेंट क्लेयर (मिनेसोटा यूनाइटेड एफसी)।

डिफेंडरः ट्रिस्टन ब्लैकमोन (वैंकूवर व्हाइटकैप्स), एलेक्स फ्रीमैन (ऑरलैंडो सिटी), जेकब ग्लेसनेस (फिलाडेल्फिया यूनियन), काई वाग्नर (फिलाडेल्फिया यूनियन)।

मिडफील्डरः सेबेस्टियन बर्हाल्टर (वैंकूवर व्हाइटकैप्स), इवांडर (एफसी सिनसिनाटी), क्रिस्टियन रोल्डन (सिएटल साउंडर्स)।

फॉरवर्डः डेनिस बुआंगा (एलएएफसी), एंडर्स ड्रेयर (सैन डिएगो एफसी), लियोनेल मेसी (कप्तान) (इंटर मियामी सीएफ)।

## इस क्रिकेटर के घोड़ी चढ़ने का

# बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं Shah Rukh Khan

**हाल ही में इंडिया के एक क्रिकेटर ने शाहरुख खान को जन्मदिन की बधाई दी थी. बदले में किंग खान ने इस क्रिकेटर से उसकी शादी की तारीख पूछ डाली है.**



**बॉलीवुड** के किंग खान शाहरुख खान ने हाल ही में अपना 60वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया है. इस दौरान शाहरुख खान ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस से बात की. इसके अलावा शाहरुख खान ने अपने फैंस से मुलाकात भी की है. इतना ही नहीं शाहरुख खान पर हर उस सितारे को रिप्लाई कर रहे हैं जिन्होंने उनको जन्मदिन की बधाई दी है. इस लिस्ट में शशि थरुर और शिल्पा शेट्टी का भी नाम शामिल है. इसी बीच शाहरुख खान ने एक क्रिकेटर से उसकी शादी की बात करके हंगामा खड़ा कर दिया है. यहां हम बात कर रहे हैं इंडिया के जानेमाने क्रिकेटर रिंकू सिंह की जिन्होंने जन्मदिन के मौके पर शाहरुख खान को विश किया था.

### शाहरुख खान ने दिया रिंकू सिंह के फैंस को सदमा

इस विश के बदले शाहरुख खान ने जमाने के सामने पूछ लिया कि शाहरुख खान की शादी कब है. शाहरुख खान ने लिखा, थैंक यू रिंकू. लॉट्स ऑफ लव... शादी कब है... शाहरुख खान का ये कमेंट कुछ देर में ही वायरल हो गया है. इस खबर ने रिंकू सिंह के फैंस के बीच भी खलबली मचा दी है. फैंस कयास लगा रहे हैं कि इंडिया का ये क्रिकेटर जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाला है. ये राज शाहरुख खान ने अपने जन्मदिन के मौके पर खोल दिया है.

### किंग की वजह से छाए हुए हैं शाहरुख खान

अब लोग जानने की कोशिश कर रहे हैं कि रिंकू सिंह कब शादी करने की फिराक में है. कहना गलत नहीं होगा कि शाहरुख खान ने जमाने के सामने रिंकू सिंह की पोल खोलकर रख दी है. शाहरुख खान का ये वही अंदाज है जो कि लोगों को खूब पसंद आता है. लोग अक्सर शाहरुख खान की इस अदा पर फिदा हो जाते हैं. अपने जन्मदिन के बाद से ही शाहरुख खान लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं. जन्मदिन के मौके पर शाहरुख खान ने अपनी फिल्म किंग का टीजर रिलीज किया था. टीजर में शाहरुख खान का अंदाज देखकर उनके फैंस को भी सदमा लग गया था.

## स्वरा भास्कर ने मुस्लिम लड़के संग की थी शादी

# दो साल बाद बोलीं- 'हम दोनों में कुछ भी मैच नहीं होता'

**बॉलीवुड** इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस स्वरा भास्कर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं. उन्होंने साल 2023 में फहाद अहमद के साथ शादी की थी. फिलहाल, स्वरा भास्कर अपने पति फहाद अहमद के साथ टीवी शो 'पति पत्नी और पंगा' में नजर आ रही हैं. शो के दौरान कपल के बीच नोकझोंक देखने को मिल रही है. इसी बीच स्वरा भास्कर ने फहाद अहमद के साथ अपनी शादी को लेकर खुलकर बात की है. एक्ट्रेस का कहना है कि उनके और पति में कुछ भी मैच नहीं होता है. आइए जानते हैं कि स्वरा भास्कर ने ये बात क्यों कही है.



- **ससुराल में संस्कारी बनने का ढोंग करती हैं स्वरा**
- **भास्कर? पति ने नेशनल टीवी पर लड़ते हुए लगाया आरोप**
- **स्वरा भास्कर के शादी के फैसले पर लोग नहीं थे खुश**

स्वरा भास्कर ने साथ बात करते हुए कहा, 'हमारी शादी को दो साल हो गए हैं. जब हमने शादी का फैसला किया था तब ये कई ये कहने वाला नहीं था कि ये फैसला ठीक है. हमने एक-दूसरे का साथ पाने के लिए काफी लड़ाई लड़ी. मुझे लोगों ने कहा था कि ये फैसला मैं जल्दबाजी में कर रही हूं. मुझे अभी थोड़ा समय लेना चाहिए. मैं और फहाद अहमद काफी अलग हैं. हमारे बीच में कुछ भी मैच नहीं होता है. ना हमारा धर्म एक है, ना कास्ट एक है, ना ही हमारी उम्र मैच होती है. मैं उससे तीन साल बड़ी हूं.'

### स्वरा भास्कर ने पति के सेटल होने पर कही ये बात

स्वरा भास्कर ने आगे कहा, 'जब हमने शादी तब वो सेटल नहीं था और अभी पीएचडी कर रहा है. वह भी चाहता था कि हमें शादी के लिए रुक जाना चाहिए क्योंकि वो सेटल होना चाहता था. लेकिन मेरा मानना है कि हम लाइफ पार्टनर चुन रहे हैं ना कि पैसा देख रहे हैं. मैं उस समय सेटल थी. तो मेरा पति नहीं भी होगा तो कोई दिक्कत नहीं है. हम दोनों ने एक एक विश्वास रखा था और वो सही रहा. हम आज एक साथ काफी खुश हैं. मेरे माता-पिता शुरुआत में इस रिश्ते को लेकर खुश नहीं थे. फहाद अहमद को लेकर मेरे मन में हमेशा से एक भरोसा था और मुझे लग रहा था कि मैं ठीक कर रही हूं और आज यहीं कहूंगी कि मैं सही थी.



# माधुरी दीक्षित के टोरंटो शो पर विवाद बढ़ता देख आयोजकों ने दी सफाई, कहा- टीम की गलती से हुई देरी

**बॉलीवुड** अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के टोरंटो शो पर हुए विवाद के बीच इवेंट के आयोजकों की तरफ से प्रतिक्रिया आई है। बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित इन दिनों अपने टोरंटो शो को लेकर चर्चा में हैं। 'दिल से... माधुरी' नाम के इस लाइव इवेंट को लेकर फैंस में नाराजगी देखने को मिली। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने शिकायत की कि शो में न तो समय पर शुरुआत हुई और न ही यह वैसा था जैसा प्रचारित किया गया था। कुछ लोगों ने इसे 'कंसर्ट' के बजाय 'टॉक शो' जैसा बताया, तो वहीं कई ने यह आरोप लगाया कि माधुरी काफी देर से पहुंचीं। इस बढ़ते विवाद के बाद अब शो के आयोजकों ने बयान जारी कर अपनी तरफ से सफाई दी है। आयोजक कंपनी 'ट्रू साउंड लाइव लिमिटिड' ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि सोशल मीडिया पर जो गलतफहमियां फैलाई जा रही हैं, वे पूरी तरह भ्रामक हैं। कंपनी ने दावा किया कि इवेंट तय समय पर ही शुरू हुआ था और शुरुआती परफॉर्मेंस में इंडियन आइडल के गायकों ने स्टेज पर शानदार प्रस्तुति दी थी।

## 'पंडित जी बेहद गुणी हैं,'

# पत्नी सुनीता के बयान पर गोविंदा ने मांगी माफी



बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा इन दिनों फिर से सुर्खियों में हैं। इस बार चर्चा का केंद्र उनके निजी जीवन से जुड़ा है। कुछ दिन पहले उनकी पत्नी सुनीता आहूजा ने पारस छाबड़ा के पॉडकास्ट में कई बातें साझा की थीं, जिसमें उन्होंने गोविंदा के अंधविश्वास, पंडितों पर खर्च और उनके चारों ओर की मंडली के व्यवहार पर खुलकर टिप्पणी की थी। इस बयान के बाद सोशल मीडिया में काफी हलचल मच गई। इसी बीच गोविंदा ने खुद एक वीडियो जारी किया, जिसमें उन्होंने सुनीता के बयान और उनके घर परिवार के पंडितों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। वीडियो में गोविंदा कहते हैं, 'नमस्कार प्रणाम, मैं गोविंदा हूं और मैं आप सभी लोगों से कहना चाहता हूं कि मेरे घर परिवार के पंडित, आदरणीय मुकेश शुक्ला जी, बहुत ही योग्य, गुणी और प्रमाणिक हैं।

# दिल्ली क्राइम 3 में बड़ी दीदी का रोल कर खुश हैं हुमा कुरैशी

**धांसू** सीरीज 'दिल्ली क्राइम' के तीसरे सीजन का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है और नेटफ्लिक्स की सीरीज में हुमा कुरैशी ने निगेटिव रोल प्ले किया है। ट्रेलर में हुमा कुरैशी का रोल काफी प्रॉमिसिंग लग रहा है। पहले उन्होंने 'बेल बॉटम' में निगेटिव रोल प्ले किया था, लेकिन अब अपनी एक्टिंग से 'दिल्ली क्राइम 3' सिर्फ देश में ही नहीं, बल्कि विदेश तक अपने काले व्यापार के तार बिछा रही हैं। हुमा ने ट्रेलर लॉन्च के दौरान शूटिंग से जुड़े अपने अनुभव को भी शेयर किया। मंगलवार को 'दिल्ली क्राइम 3' सीरीज का शानदार ट्रेलर लॉन्च किया गया, जहां हुमा कुरैशी ने सीरीज से जुड़े अपने अनुभव को शेयर किया। हुमा ने मीडिया से अपने कोस्टार शेफाली शाह की तारीफ करते हुए कहा, 'टीम के सभी लोगों ने बहुत अच्छा काम किया है, मुझे महसूस ही नहीं हुआ कि मैं इस टीम के लिए नई हूं। मेरे लिए इस टीम का हिस्सा बनना गर्व की बात है।' उन्होंने आगे कहा कि सेट पर सभी ने मेरा स्वागत किया। ' बता दें कि हुमा कुरैशी पहली बार सीरीज का हिस्सा बनी हैं। इससे पहले दो सीजन में शेफाली शाह, रसिका दुग्गल, राजेश तैलंग, जया भट्टाचार्य और अनुराग अरोड़ा थे, लेकिन इस बार सयानी गुप्ता और मीता वशिष्ठ भी तीसरे सीजन का हिस्सा बनी हैं। सीरीज के ट्रेलर की बात करें तो सीरीज में 'भौकाल' से ज्यादा सस्पेंस और क्राइम है। हुमा ने सीरीज में बड़ी दीदी का रोल प्ले किया है, जो बच्चियों की तस्करी करती हैं।



# गिरिराज सिंह ने मतदान के बाद कहा- बुर्का पहने हर व्यक्ति की जांच हो



**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज मतदान हो रहा है। पहले चरण में 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर किस्मत आजमा रहे उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद हो जाएगी। लखीसराय विस क्षेत्र के बड़हिया स्थित मतदान केंद्र संख्या 168 मध्य विद्यालय नंबर 2 पूर्वी भाग पर केंद्रीयमंत्री गिरिराज सिंह ने मतदान करने के बाद मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि यदि भारत में मंदिर नहीं बनेगा, तो पाकिस्तान में बनाए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने लालू यादव, तेजस्वी यादव और राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा है कि बुर्का पहने हर व्यक्ति की जांच हो। बिहार सरकार में मंत्री और दरभंगा विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संजय सरावगी ने वोट डालने के बाद कहा कि जिन्हें सत्ता में आना नहीं है वे (राजद) ऐसे झूठे वादे करेंगे... जनता ऐसी बातों को समझती है और आम जनता प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजग के साथ है। बिहार के उपमुख्यमंत्री और लखीसराय विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार विजय कुमार सिन्हा ने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद कहा कि यह लोकतंत्र का महापर्व है और लोक आस्था के महापर्व छठ के बाद बिहार में सभी को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने का अवसर मिला है। जिस तरह हम छठ पूजा को सामाजिक सौहार्द्र के साथ मनाते हैं, उसी तरह सभी को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होना चाहिए। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि बिहार का गौरव बढ़ाएं, यह समय बिहार को बदनाम करने वालों से मुक्त करने का है। बिहार के मंत्री और बांकीपुर से भाजपा उम्मीदवार नितिन नवीन पटना के दीघा स्थित मिलर हाई स्कूल, बूथ संख्या 394 और 396 स्थित मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। मोकामा विधानसभा क्षेत्र से राजद उम्मीदवार वीणा देवी और पूर्व सांसद सूरजभान सिंह ने मतदान करने से पहले पूजा की। पूर्व सांसद सूरजभान सिंह ने कहा कि हमने भगवान से आशीर्वाद लिया है, आज बहुत बड़ा त्योहार है, मैं बिहार के सभी लोगों से अपील करूंगा कि आज भाईचारा दिखाएं, पहले मतदान फिर जलपान। पटना में भाजपा नेता भीखूभाई दलसानिया ने मतदान किया। समस्तीपुर विधानसभा के कपूर्रीग्राम गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित जाति टोल कपूर्रीग्राम के मतदान केंद्र संख्या 73 पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने मताधिकार का प्रयोग किया।

## मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की बिहार के मतदाताओं से वोट डालने की अपील


**भोपाल :** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण का मतदान आज गुरुवार को हो रहा है। प्रदेश के 121 विधानसभा सीटों का भविष्य आज ईवीएम बॉक्स में बंद हो जाएगा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकतंत्र के महापर्व में बिहार के मतदाताओं से विधानसभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर भागीदारी करने और मतदान करने की अपील की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा पहले मतदान, फिर जलपान...बिहार इतिहास रचने जा रहा है। इसमें प्रतिभागी बनने जा रहे सभी मतदाता बंधुओं से आग्रह है कि लोकतंत्र के महापर्व 'विधानसभा चुनाव' में बढ़-चढ़कर भाग लें। आज प्रथम चरण के चुनाव में रिकॉर्ड मतदान करें। आपका अमूल्य वोट बिहार में विकास और सुशासन की यात्रा को अविराम जारी रखेगा।



**दूसरे चरण के लिए करेंगे धुआंधार प्रचार :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गुरुवार को बिहार दौरे पर भी रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दरभंगा मधुबनी और गया जी जिलों के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहां एनडीए समर्थित प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा मधुबनी एवं गयाजी जिले की विभिन्न विधानसभाओं के लिए प्रचार किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रात: 11:05 बजे दरभंगा पहुंचेंगे तथा यहां से प्रात: 11:30 बजे बिसफी जिला मधुबनी में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे वाजीरगंज जिला गयाजी में भी जनसभा को संबोधित करेंगे। और यहां रोड शो में भाग लेंगे । इसके पश्चामत मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 2:45 बजे बोधगया जिला गयाजी में जनसभा को संबोधित करेंगे। सायं काल 4:10 बजे गयाजी एयरपोर्ट से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## भारत का लैटिन अमेरिका के साथ व्यापार बढ़ाने पर जोर, पेरू और चिली से समझौते पर बैठकें हुईं

एजेंसी



**नई दिल्ली :** भारत और लैटिन अमेरिका के देश पेरू और चिली के बीच व्यापार समझौते को लेकर बैठकें हुईं। इन समझौतों से आने वाले समय में भारत के लिए खनिज, दवा, ऑटोमोबाइल, वस्त्र और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में नए अवसर बनने की उम्मीद है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, पेरू की राजधानी लीमा में 3 से 5 नवंबर तक भारत-पेरू व्यापार समझौते की नौवीं बैठक हुई। इसमें दोनों देशों ने वस्तु और सेवाओं के व्यापार, नियमों की उत्पत्ति, तकनीकी अवरोध, सीमा शुल्क प्रक्रिया, विवाद समाधान और महत्वपूर्ण खनिजों पर प्रगति हुई। बैठक में पेरू की विदेश व्यापार और पर्यटन मंत्री टेरेसा स्टेला मेरा गोमेज, उप मंत्री सीजर ऑगस्तो ल्योना सिल्वा, भारत के राजदूत विश्वस विदु सापकल और भारतीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख संयुक्त सचिव विमल आनंद शामिल रहे। मंत्री गोमेज ने कहा कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे की पूरक हैं और समझौते को जल्द पूरा करने की दिशा में काम जारी रहेगा। भारतीय राजदूत सापकल ने कहा कि यह समझौता व्यापार और निवेश को नई दिशा देगा और दोनों देशों के लिए लाभकारी साबित होगा। दोनों पक्षों ने तय किया कि जनवरी 2026 में नई दिल्ली में अगला दौर आयोजित किया जाएगा। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, इससे पहले 27 से 30 अक्टूबर तक चिली की राजधानी सैंटियागो में भारत-चिली व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते की तीसरी बैठक हुई थी। इसमें वस्तु और सेवाओं के व्यापार, निवेश, बौद्धिक संपदा अधिकार, तकनीकी मानक, आर्थिक सहयोग और महत्वपूर्ण खनिजों पर चर्चा हुई थीं। दोनों देशों ने इस समझौते को जल्द पूरा करने का भरोसा जताया ताकि बाजार तक पहुंच और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत किया जा सके।

## महिला क्रिकेट विश्व कप स्टार स्नेहा राणा को 50 लाख रुपये देगी धामी सरकार

**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली उत्तराखंड की बेटी स्नेहा राणा से दूरभाष पर वार्ता कर टूनार्मेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन और भारत को विजय दिलाने के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने स्नेहा राणा की उपलब्धियों और देश-प्रदेश का गौरव बढ़ाने पर उन्हें 50 लाख की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने स्नेहा राणा को भारतीय क्रिकेट टीम में चयन होने पर बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड की बेटियां देश को गौरवान्वित कर रही हैं और स्नेहा राणा का प्रदर्शन इसी का उज्ज्वल उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्व स्नेहा राणा ने मेहनत, संकल्प और प्रतिभा से उत्तराखंड का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। उनकी सफलता हमारे युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा है। राज्य सरकार खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएं और प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है ह्व मुख्यमंत्री के सम्मान और प्रोत्साहन राशि की घोषणा पर स्नेहा राणा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह देश व उत्तराखंड का नाम रोशन करने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेंगी।

## खरगे और प्रियंका ने बिहार के मतदाताओं से बढ़-चढ़कर वोट करने की अपील की

एजेंसी



**नई दिल्ली :** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में आज 121 सीटों पर मतदान हो रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राज्यवासियों से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। दोनों नेताओं ने कहा कि बिहार को बदलाव की नई दिशा देने और युवाओं, किसानों व समाज के हर वर्ग के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान जरूरी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स में कहा कि लोकतंत्र की जन्मस्थली बिहार में मतदान शुरू हो चुका है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे बड़ी संख्या में अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करें और 20 साल बाद प्रदेश को बदलाव की नई दिशा दें।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपनी एक्स पोस्ट में बिहार के मतदाताओं से अपील की कि वे बड़ी संख्या में मतदान करें। उन्होंने लिखा कि बिहार के मेरे प्यारे भाइयों, बहनों, माताओं एवं युवाओं! आज अपने हाथों से अपना भविष्य तय करने का दिन है। बड़ी संख्या में निकलकर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लीजिए। नौकरी, शिक्षा, स्वास्थ्य और बिहार के उज्जवल भविष्य के लिए वोट कीजिए।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा विश्वनाथ व कालभैरव मंदिर में किया दर्शन पूजन



**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के अन्तिम दिन गुरूवार को काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव और काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। मुख्यमंत्री ने दोनों मंदिरों में विधि विधान से मंत्रोंच्चार के बीच दर्शन पूजन कर प्रदेश और देश में लोक कल्याण और सुख शान्ति की कामना की। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले कालभैरव मंदिर में दर्शन पूजन किया। मंदिर में आने-जाने के दौरान वहां मौजूद श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव का उदघोष कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भी श्रद्धालुओं का हाथ जोड़ कर अभिवादन किया। इसके बाद वे काशी विश्वनाथ मंदिर में पहुंचे। जहां उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में षोडशोपचार विधि से पूजन कर बाबा के पावन ज्योतिलिंग का अभिषेक और आरती किया। इस दौरान दोनों मंदिरों के साथ उनके आने-जाने वाले मार्ग पर सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। इसके पहले मुख्यमंत्री बुधवार शाम वाराणसी आए थे। वाराणसी दौरे में उन्होंने देव दीपावली का शुभारंभ नमो घाट पर पहला दीप जलाकर किया। उनके साथ पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल, विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, महापौर अशोक तिवारी ने भी दीप प्रज्वलित कर मां गंगा को नमन किया।

## बंगाल में एसआईआर के एन्यूमरेशन फॉर्म अब ऑनलाइन भी उपलब्ध, चुनाव आयोग ने दी विस्तृत जानकारी

एजेंसी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत अब एन्यूमरेशन फॉर्म ऑनलाइन भी उपलब्ध होंगे। गुरुवार सुबह से मतदाता चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल एप के माध्यम से फॉर्म डाउनलोड हो रहे हैं और इसे भरा भी जा सकता है। इससे उन लोगों को राहत मिलेगी जो बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से सीधे फॉर्म प्राप्त करने में असमर्थ हैं, विशेषकर वे मतदाता जो नौकरी या अन्य कारणों से राज्य से बाहर रहते हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, ऑनलाइन फॉर्म तक पहुंच मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पश्चिम बंगाल की वेबसाइट के जरिए संभव होगी। इसके अलावा, आयोग के मोबाइल एप ह्वईसीआइनेटह्व पर भी यह सुविधा दी गई है। तकनीकी खामियों के कारण यह सुविधा मंगलवार से शुरू नहीं हो सकी थी, किन्तु आज गुरुवार से फॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फॉर्म डाउनलोड करने के बाद उसे ऑफलाइन की तरह ही भरना होगा और निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप पोर्टल पर अपलोड करना होगा। अपलोड की विस्तृत गाइडलाइन पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। उधर, बीएलओ राज्य भर में घर-घर जाकर फॉर्म वितरित कर रहे हैं और मतदाताओं से आवश्यक जानकारियां इकट्ठा कर रहे हैं। आयोग द्वारा राज्य में 80 हजार से अधिक बीएलओ को इस अभियान में लगाया गया है। बुधवार रात आठ बजे तक कुल 1.10 करोड़ से अधिक एन्यूमेशन फॉर्म लोगों को दिए जा चुके हैं। बीएलओ के कार्य निरीक्षण और मतदाताओं की सुविधा के लिए राजनीतिक दलों ने अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति भी कर दी है। गौरतलब है कि एसआईआर प्रक्रिया न सिर्फ पश्चिम बंगाल बल्कि देश के 11 अन्य राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में भी एक साथ जारी है। आयोग का उद्देश्य आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची को पूर्ण, सटीक और अद्यतन बनाना है।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

एजेंसी



**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स में भी आज तेजी के साथ कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह एशियाई बाजार में भी आज चौतरफा मजबूती नजर आ रही है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स 225 अंक की मजबूती के साथ 47,311 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 0.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,796.29 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 150.10 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की छलांग लगा कर 23,498.74 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 47,324.53 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.64 प्रतिशत की छलांग लगा कर 9,777.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.08 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,074.23 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 100.63 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,049.74 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज खरीदारी का माहौल बना हुआ है। एशिया के सभी नौ बाजार के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,741 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.78 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,305.38 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स ने आज जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 449.59 अंक यानी 1.73 प्रतिशत उछल कर 26,385 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 707.73 अंक यानी 1.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50,920 अंक के स्तर पर आ गया है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 1.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,474.15 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 1.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 4052.50 अंक के स्तर पर, ताइवान वेटेड इंडेक्स 284.08 अंक यानी 1.02 प्रतिशत छलांग लगा कर 28,001.14 अंक के स्तर पर, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.88 प्रतिशत उछल कर 4,004.25 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 8,327.25 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### राज्य महिला आयोग की जे. जे. अस्पताल को नोटिस

**मुंबई :** महिला कर्मचारियों की शिकायतों को गंभीरता से न लेने और समय पर जानकारी न देने जैसे गंभीर मामलों को संज्ञान में लेते हुए राज्य महिला आयोग ने जे. जे. अस्पताल को नोटिस जारी किया है। अस्पताल के डीन डॉ. अजय भंडारवार से इस संबंध में जवाब मांग गया है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष द्वारा मानसिक उत्पीड़न और अपमानजनक व्यवहार के संबंध में एक महिला डॉक्टर ने महिला आयोग से शिकायत की थी। इस पर जे. जे. अस्पताल से जवाब मांगा गया था. इस पर अस्पातल ने न तो रिपोर्ट सौंपी है और न ही सुनवाई के दौरान अपनी स्थिति स्पष्ट की है। आयोग ने जे. जे. अस्पताल के डीन डॉ. अजय भंडारवार को नोटिस जारी किया है। जे. जे. अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की एक महिला डॉक्टर ने विभागाध्यक्ष पर लगातार मानसिक उत्पीड़न और अपमानजनक व्यवहार के संबंध में 10 जुलाई 2025 को राज्य महिला आयोग में शिकायत की थी। इस शिकायत के अनुसार, आयोग ने 18 जुलाई, 2025 को अस्पताल प्रशासन को सूचित किया था, लेकिन चूंकि अस्पताल प्रशासन ने कोई रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की, इसलिए आयोग ने इसे गंभीरता से लिया। इस मामले में आयोग ने 29 अक्टूबर 2025 को कार्यालय में मामले में सुनवाई की। अस्पताल प्रशासन की ओर से सुनवाई में उपस्थित व्यक्ति को शिकायत और उस पर अस्पताल द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने और आयोग द्वारा मांगी गई जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराने, असहयोग करने जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान देते हुए, आयोग ने डॉ. अजय भंडारवार को एक नोटिस जारी किया और 24 अक्टूबर, 2025 को दो बार उनके द्वारा की गई कार्रवाई पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा था। आयोग ने जे.जे. अस्पताल को निर्देश दिए हैं कि वे सात दिन के भीतर जवाब दें। डॉ. अजय भंडारवार ने यह भी बताया कि अगले दो दिनों में इस संबंध में आयोग को विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### मुंबई के कोलाबा में 67 अवैध फेरीवालों पर कार्रवाई

**मुंबई :** मुंबई मनपा ने कोलाबा के कॉजवे में 67 अवैध फेरीवालों पर कार्रवाई की है। अवैध फेरीवालों के खिलाफ यह कार्रवाई पिछले चार महीनों में दूसरी बार की गई है। जुलाई महीने में भी मनपा ने सार्वजनिक जगहों पर कब्जा जमाने वाले 60 अवैध फेरीवालों को हटाया था। इस इलाके में फूटपाथ व सड़कों पर फेरीवालों के अतिक्रमण की वजह से राहगीरों को परेशानी हो रही थी। लोगों की लगातार शिकायतें मिल रही थी। मनपा अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई सार्वजनिक स्थानों को अवैध फेरीवालों से मुक्त कराने के लिए की गई। उन अवैध हॉकरों की पहचान की गई थी जिन्होंने कॉजवे पर स्टॉल लगाए थे। बुधवार को इन हॉकरों को हटाया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। कोलाबा के पूर्व भाजपा नगरसेवक मकरंद नार्वेकर ने भी बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी को पत्र लिखकर शिकायत की थी। नार्वेकर ने शिकायत की थी कि कोलाबा कॉजवे पर 50 प्रतिशत से अधिक स्टॉल अवैध हैं। लगातार अतिक्रमण के कारण फुटपाथ पूरी तरह से राहगीरों के लिए असुरक्षित हो गए हैं। यदि कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन छेड़ा जाएगा। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मनपा प्रशासन को निर्देश दिया था कि वह कोलाबा कॉजवे पर बिना लाइसेंस वाले सभी फेरीवालों को हटाए। मनपा ने अदालत को बताया था कि कोलाबा में 83 लाइसेंसधारी फेरीवाले हैं। इनके अलावा 253 फेरीवालों ने बीएमसी की कार्रवाई से सुरक्षा की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मामला अदालत में विचाराधीन है, इसलिए इन 253 फेरीवालों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग छोटे वाहनों के लिए दोनो तरफ से खुला

**जम्मू :** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए बहाल है। छोटे वाहनों के लिए राजमार्ग दोनों तरफ ही खोला गया है जबकि भारी वाहनों केवल एकतरफ से ही जाने की अनुमती दी गई है। जानकारी के अनुसार आज छोटे वाहनों को श्रीनगर से जम्मू और जम्मू से श्रीनगर दोनों तरफ से रवाना किया जा रहा है। हालांकि बड़े वाहनों को श्रीनगर से जम्मू की ओर रवाना किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार कट आफ समय के बाद किसी भी वाहन को आवाजाही की इजाजत नहीं होगी। अधिकारियों ने जाम की स्थिति से बचने के लिए वाहन चालकों को अपनी लाइन में चलने की हिदायत भी दी है।

### छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय आज ओडिशा दौरे पर

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को ओडिशा राज्य के दौरे पर रहेंगे, वे नुआपाड़ा विधानसभा उपचुनाव क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी जय ढोलकिया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री साय का कार्यक्रम सुबह 11:45 बजे हेलिकॉप्टर से नुआपाड़ा पहुंचेंगे , वे दोपहर 12:30 से 1:30 बजे तक आयोजित सभा में शामिल लेंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री दोपहर 2:45 बजे पुलिस ग्राउंड हेलीपैड लौट आएंगे।

### राजस्थान में मौसम हुआ साफ, दिन में धूप तो रात में बढ़ी सर्दी

**जयपुर :** पश्चिमी विक्षोभ के असर के खत्म होने के साथ ही उत्तर भारत समेत राजस्थान में मौसम पूरी तरह साफ हो गया है। बुधवार को राज्य के सभी शहरों में आसमान साफ रहा और दिन में खिली धूप से मौसम सुहावना बना रहा। हालांकि तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर और पिलानी जैसे उत्तरी जिलों में दिन का अधिकतम तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जबकि डूंगरपुर, बारां, सिरोही, करौली और दौसा में पारा बढ़ोतरी के साथ 30 डिग्री के पार पहुंच गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, अब राज्य में अगले एक सप्ताह तक आसमान साफ रहने और उत्तर दिशा से ठंडी हवाएं चलने की संभावना है। इससे सुबह-शाम की ठंड में इजाफा होगा। बुधवार को दिन में सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 34.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं जैसलमेर में 33, जोधपुर में 32.6, कोटा में 31.2, जयपुर में 30.6, टोंक में 30.8 और डूंगरपुर में 31.8 डिग्री सेल्सियस मापा गया। श्रीगंगानगर जिले के ग्रामीण इलाकों में सुबह के समय हल्की धुंध छाई रही। रात के तापमान में भी उल्लेखनीय गिरावट आ गई। नागौर में न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री गिरकर 12.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। बीकानेर में तापमान 16, जोधपुर में 18, उदयपुर में 15.4, सिरोही में 13.6 और फतेहपुर में 13.3 डिग्री सेल्सियस मापा गया। मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आने वाले 24 से 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। इसके चलते राज्य के कई हिस्सों में सुबह और रात के समय सर्दी का असर और तेज महसूस होगा।

न्यूज IN ब्रीफ

## धनबाद की पहली महिला क्रिकेट अंपायर बनीं सुमित्रा

**धनबाद :** धनबाद में महिलाओं के नाम पर एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। निरसा की सुमित्रा कुमारी सोय धनबाद की पहली महिला क्रिकेट अंपायर बन गई हैं। धनबाद क्रिकेट संघ की अंपायर परीक्षा पास कर सुमित्रा कुमारी जिला स्तर की अंपायर बन गईं। मुगमा के प्रभात स्टेडियम में बुधवार को सुमित्रा ने पहली बार डीसीए के जिलास्तरीय टूर्नामेंट में अंपायरिंग कर यह उपलब्धि हासिल की। धनबाद क्रिकेट संघ के महासचिव बिनय सिंह ने बताया कि सुमित्रा ने डीसीए की अंपायर क्लीनिक में भाग लेकर अंपायर की ट्रेनिंग ली। इसके बाद लिखित परीक्षा पास पहली महिला अंपायर बनने का गौरव हासिल किया।

प्रभात स्टेडियम में रामनाथ सिंह मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत जय मां काली क्रिकेट अकादमी निरसा और जुनकुदर क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया। मैच में सुमित्रा कुमारी सोय ने अंपायरिंग कर यह उपलब्धि हासिल की। जिले में धनबाद क्रिकेट संघ से निबंधित 20 अंपायर हैं, जिनमें यह पहली महिला अंपायर बनी हैं। महासचिव ने कहा कि सुमित्रा की अंपायरिंग से दूसरी महिलाएं भी इस फील्ड में आकर्षित होंगी। सुमित्रा पूर्व क्रिकेटर रह चुकी हैं और धनबाद से जिला स्तरीय टीम का भी प्रतिनिधित्व किया है।

## हुडको डैम के पास झाड़ियों में मिली लावारिस बाइक

**जमशेदपुर :** टेल्को थाना अंतर्गत हुडको डैम के गेट नंबर 2 के पास गुरुवार सुबह झाड़ियों से एक लावारिस बाइक बरामद की गई। सुबह स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और बाइक को जब्त कर थाना ले गई। जानकारी के अनुसार बाइक में नंबर प्लेट नहीं है वहीं बाइक से स्पार्क प्लग भी गायब है। आशंका जताई जा रही है कि बाइक चोरी की है और चोरों ने उसे छुपाने के उद्देश्य से झाड़ियों में फेंक दिया है। फिलहाल पुलिस बाइक के इंजन और चेचिस नंबर से बाइक मालिक का पता लगाने में जुट गई है।

## इतवारी एक्सप्रेस 8 को रद्द

**जमशेदपुर :** चक्रधरपुर मंडल में ब्लॉक के कारण टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस 8, 11, 15, 18, 22, 25, 29 नवंबर और 6, 9, 13, 16 दिसंबर को अप-डाउन रद्द रहेगी। ब्लॉक के दौरान रेलवे उत्कल एक्सप्रेस व साउथ बिहार एक्सप्रेस को बदले मार्ग से चलेगी। दूसरी ओर, टाटानगर से गुजरने वाली कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस को 13 से 23 नवंबर के बीच अपडाउन नौ दिनों तक रद्द करने का आदेश है। चांडिल होकर चलने वाली मुंबई-शालीमार समरसता एक्सप्रेस भी 12, 13, 14, 15, 19 और 21 नवंबर को अप-डाउन में रद्द रहेगी। ट्रेनों के मार्ग बदलने और रद्द होने से टाटानगर के सैकड़ों यात्रियों को आवागमन में परेशानी होगी।

## सांड़ का आतंक जारी, दूसरे दिन महिला की ली जान, शहर में दहशत कायम



**जमशेदपुर :** मानगो के शंकोसाई क्षेत्र में बुधवार को 15 लोगों को घायल करने वाले बेकाबू सांड़ ने गुरुवार सुबह एक महिला की जान ले ली। मृतका की पहचान 61 वर्षीय माला सरकार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम टाटा जूलॉजिकल पार्क की टीम ने उग्र सांड़ को ट्रैंक्यूलाइज कर बेहोश किया था, लेकिन अंधेरे में उसे सुरक्षित ले जाया नहीं जा सका। रातभर वह उसी इलाके में बेहोश पड़ा रहा। गुरुवार सुबह होश आने पर वह अचानक फिर उग्र हो गया और गौड़ बस्ती की ओर भागा, जहाँ माला सरकार को पटककर मार डाला।घायल महिला को आनन-फानन में टीएमएच ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इस घटना से पूरे इलाके में फिर से दहशत फैल गई है। टाटा जू की टीम ने दोबारा मौके पर पहुंचकर सांड़ को ट्रैंक्यूलाइज किया और उसे जू अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। बुधवार की घटना में घायल सभी 15 लोगों का एमजीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल को टीएमएच में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम और प्रशासन की लापरवाही पर कड़ा रोष जताते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई होती, तो यह मौत टाली जा सकती थी।

## अस्पताल में उपलब्ध दवा ही मरीजों को लिखें डॉक्टर : अधीक्षक

**जमशेदपुर :** एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों की सुविधाएं बेहतर बनाने के लिए कई सुधारात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। उपायुक्त के निरीक्षण के बाद अस्पताल प्रबंधन को मिली कई प्रमुख हिदायतों पर अब तेजी से कार्रवाई शुरू हो गयी है। अस्पताल अधीक्षक डॉ। आरके मंधान ने सभी विभागाध्यक्षों और यूनिट प्रभारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए कहा है कि मरीजों की परेशानी कम करने के लिए सभी विभाग अपने स्तर पर सुधार सुनिश्चित करें। अध्यक्ष ने बताया कि जिन विभागों में नर्सिंग कॉलिंग सिस्टम लगाया गया है, वहां उसका डिस्प्ले हर समय चालू रहे और नर्स मरीजों के कॉल पर तुरंत पहुंचकर उनकी समस्या का समाधान करें। वहीं ईएनटी ओपीडी में लगाये गये टोकन सिस्टम को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री रख-रखाव योजना के तहत विभागों को दी गयी राशि का सही उपयोग 15 नवंबर तक कर इसकी रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को सौंपी जाये।इसके अलावा अस्पताल के स्टोर में उपलब्ध सभी दवाओं की सूची एक सप्ताह के भीतर ओपीडी और वार्डों में प्रदर्शित करने को कहा गया है। डॉक्टरों को प्राथमिकता उसी दवा को लिखने की दी गयी है, जो अस्पताल में उपलब्ध हो। सभी विभागाध्यक्षों को चिकित्सकों और कर्मचारियों का साप्ताहिक रोस्टर बनाकर 24 घंटे की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ड्यूटी चार्ट ओपीडी और नर्सिंग स्टेशन पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया है।डॉ। मंधान ने कहा कि इमरजेंसी में अनावश्यक भीड़ कम करने के लिए डॉक्टरों को निर्देश दिया गया है कि जिन मरीजों की स्थिति स्थिर हो जाये, उन्हें तुरंत वार्ड में शिफ्ट किया जाये, ताकि बेड खाली रह सकें। अस्पताल में मरीजों की सुविधा और भीड़ नियंत्रण के लिए टोकन सिस्टम और अन्य कई सुधार जल्द लागू किये जायेंगे।

# लुगू बुरू घंटाबाड़ी धरोमगढ़ राजकीय महोत्सव में शामिल हुए सीएम हेमंत सोरेन

### धर्मसभा को किया संबोधित

संवाददाता

**बोकारो :** जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत ललपनिया में हर साल कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर आयोजित होने वाले लुगू बुरू घंटाबाड़ी धरोमगढ़ राजकीय महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन संग धरोमगाढ़ पहुंचे और पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद उन्होंने धर्म महासभा को संबोधित किया। इस दौरान मंत्री चमरा लिंडा, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद, चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक समेत कई प्रशासनिक अधिकारी और पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव मौजूद रहे।

भक्ति में डूबी नगरी



बुधवार सुबह से ही ललपनिया का वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर था। लुगू बुरु घंटाबाड़ी धरोमगाढ़, संथाल समाज की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक अस्मिता का केंद्र है। चारों दिशाओं से ढोल, मांदर और नगाड़ों की गूंज सुनाई दे रही थी। हर दिशा में भक्ति, आस्था की चमक और समुदाय की सामूहिक ऊर्जा महसूस हो रही थी।

कई राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु : देश के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां पहुंचे। झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार और छत्तीसगढ़ तक। यहां तक कि विदेशों से भी अनेक श्रद्धालु अपने पारंपरिक वस्त्रों में श्रद्धा के साथ ऐतिहासिक स्थल की ओर पहुंचे। यह केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक एकता का जीवंत उदाहरण है।

परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम : यहां परंपरा और आधुनिकता एक साथ मिलकर झारखंड की पहचान को नया आयाम दे रही है। हर चेहरे पर भक्ति की चमक दिखी और हर कदम में लुगू बुरु घंटाबाड़ी धरोमगढ़ की पुकार।

### जामताड़ा में अपहरण कांड का खुलासा

## दो अपृहत युवक बरामद, पांच अपहरणकर्ता गिरफ्तार



संवाददाता

**जामताड़ा :** पुलिस को करमाटांड़ थाना क्षेत्र में हुए दो अपहरण मामलों में सफलता मिली है। घटना में अपहृत दो युवकों को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। घटना में शामिल पांच अपहरणकताओं को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपहरणकताओं की पहचान आजाद अंसारी, श्री अंसारी, समद अंसारी, शिवलाल मरांडी और अब्दुल हबीब के रूप में हुई है। आजाद अंसारी देवघर जिले के मार्गो मुंडा और श्री अंसारी गिरिडीह जिले के अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

पुलिस ने अपहरणकताओं द्वारा घटना में इस्तेमाल की गई एक देसी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, एक बोलेरो गाड़ी और एक मोबाइल फोन बरामद किया है।घटना करमाटांड़ थाना क्षेत्र के साइबर हब में हुई। पुलिस के अनुसार, 31 अक्टूबर को करमाटांड़ थाना क्षेत्र से अपहरणकताओं ने फिरौती की मांग करते हुए दो युवकों का अपहरण कर लिया था। 3 नवंबर को करमाटांड़ थाने में दो मामले दर्ज किए गए थे।

मामला दर्ज होने के बाद, पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच व समाधान के लिए एक टीम गठित की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि गिरिडीह और देवघर जिलों के अपराधियों के साथ-साथ जामताड़ा के अपराधी भी दोनों युवकों के अपहरण और फिरौती के लिए उन्हें अलग-अलग बंदी बनाने में शामिल थे। इस खुलासे के बाद, पुलिस ने गिरिडीह पुलिस की मदद से गिरोह का पदार्फाश किया और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। अपहरणकताओं ने एक युवक को धरमपुर में एक आदिवासी व्यक्ति के घर में बंधक बनाकर रखा था। दूसरे की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है। अपहृत दोनों युवक नाबालिग बताए जा रहे हैं। अपहरणकर्ता परिवार के सदस्यों से 50 लाख रुपये की फिरौती मांग रहे थे और फिरौती न मिलने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि अपराधियों के गिरोह में 16 लोग शामिल थे। बाकी लोगों की भी पहचान कर ली गई है। उन्होंने बताया कि उनका मुख्य काम फिरौती के लिए अपहरण और हत्या करना है। फिलहाल, जामताड़ा पुलिस ने सभी गिरफ्तार अपहरणकताओं के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जामताड़ा जेल भेज दिया है।

## मोबाइल और मूर्ति चोरी में दूसरा आरोपी गया जेल

**धनबाद :** तीन दिन पहले सरायढेला थाना क्षेत्र के जगजीवन नगर बालाजी मंदिर के पास रहनेवाली बॉबी पांडेय के घर मोबाइल और चांदी की मूर्ति चोरी में पुलिस ने बुधवार को दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने जगजीवन नगर में ही रहने वाले करण कुमार को पकड़ कर न्यायिक हिरासत में भेजा।

## गैंगस्टर प्रिंस खान के 4 गुर्गे गिरफ्तार



संवाददाता

**धनबाद :** गैंगस्टर प्रिंस खान गिरोह के चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने अपराधियों के पास से करीब 17 लाख रुपये भी जब्त किया है। साथ ही 70 अधिक जमीन की डीड और हथियार भी बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों में से एक वासेपुर के गैंगस्टर फहीम खान का चचेरा भाई है। गिरफ्तार अपराधियों के तार टेरर फंडिंग से जुड़े होने की भी संभावना है। पुलिस इसकी जांच में जुटी है। यूएसडीटी के माध्यम से ये अपराधी पैसे का ट्रांसफर करते थे।

एसएसपी ने की पुष्टि

एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि प्रिंस खान गिरोह से जुड़े आठ अपराधियों को पिछली बार पुलिस ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के बाद जो जानकारी मिली उसके बाद 12 स्थानों पर छापेमारी की गई। जिसमें 11 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था। इनमें से चार अपराधियों के प्रिंस खान गैंग से जुड़े होने के साक्ष्य मिले हैं। चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अपराधी प्रिंस खान के लिए काम करते थे।

गिरफ्तार अपराधियों में ये हैं शामिल

गिरफ्तार अपराधियों में 55 वर्षीय परवेज खान, 31 वर्षीय सैफ आलम उर्फ राशिद,33 वर्षीय तौसीफ आलम उर्फ मुन्ना और 46 वर्षीय इम्तियाज अली उर्फ लाडले शामिल है। अपराधियों के पास से 17 लाख, 34 हजार, 900 रुपये नगद राशि, एक पिस्टल, 47 गोली, जमीन के 70 डीड, विभिन्न बैंकों के 18 एटीएम कार्ड और 8 मोबाइल जब्त किए गए हैं।

टेरर फंडिंग के तार जुड़ने की संभावना

एसएसपी ने बताया कि पिछले दिनों रांची और बोकारो से गिरफ्तार अपराधियों द्वारा पाकिस्तान से हथियार खरीदने की बात सामने आई थी। पुलिस इस विषय पर भी अनुसंधान कर रही है। टेरर फंडिंग के तार जुड़ने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस आगे की जांच पड़ताल चल रही है। इस गिरोह का एक रेस्टोरेंट भी चलता है। यह रेस्टोरेंट झारखंड के बाहर है।

एसएसपी ने कहा कि प्रिंस खान गैंग से जुड़े अन्य अपराधियों की तलाश जारी है। उन्होंने व्यवसायियों से अपील की है कि अगर रंगदारी के कॉल आते हैं तो उसकी सूचना फौरन पुलिस को दें।

## पार्वती घाट परिसर में सार्वजनिक शौचालय व स्नान घर का हुआ उद्घाटन

**जमशेदपुर :** आदित्यपुर टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए जुगसलाई पार्वती घाट पर सार्वजनिक शौचालय व स्नान घर का निर्माण कर पार्वती घाट प्रबंधन को सौंपा। इस निर्माण कार्य में करीब साढ़े आठ लाख रुपये खर्च हुए। बुधवार को इस सार्वजनिक शौचालय व स्नान घर का उद्घाटन कंपनी के प्रबंध निदेशक प्रणय सिन्हा ने फीता काटकर किया। मौके पर निदेशक प्रणय सिन्हा ने कहा कि स्वच्छ शौचालय एक बुनियादी आवश्यकता और सामुदायिक कल्याण का एक प्रमुख घटक है। धार्मिक अनुष्ठानों और दाह संस्कार के लिए पार्वती घाट आने वालों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। इसके अलावे उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत सार्वजनिक स्थान और नदी तटों को स्वच्छ रखने में भी मदद मिलेगी। पार्वती घाट प्रबंधन ने आदित्यपुर टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड के इस कार्य की सराहना की है। इस मौके पर कंपनी के सीएफओ सुरोजित भूमिज, मैनेजर हिमांशु, कृपा शंकर के साथ पार्वती घाट प्रबंधन कमेटी के दीपक पंचमिया,अमित पारिख, सज्जन अग्रवाल, संजीव सहगल, दीपेंद्र भट्ट समेत कमेटी के कई सदस्य मौजूद थे।

### मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में किया चुनाव प्रचार, बोली

# गठबंधन सरकार के काम पर जनता लगाएगी मुहर

संवाददाता

**रांची :** झारखंड में घाटशिला उपचुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार तेज हो गया है। इसी क्रम में झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के पक्ष में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि घाटशिला की जनता फिर एक बार इतिहास रचने जा रही है।

घाटशिला उपचुनाव में प्रचार का पहिया तेज होता चला जा रहा है। चुनावी समर में महागठबंधन एकजुटता के साथ प्रचार-प्रसार में जुटा है। इसी क्रम में घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने महागठबंधन की ओर से जेएमएम उम्मीदवार सोमेश चंद्र सोरेन के पक्ष में प्रचार किया।

हमने जनकल्याण को दी पहली प्राथमिकताः कृषि मंत्री



कृषि मंत्री ने घाटशिला राज स्टेट भुइया पाड़ा, घाटशिला बाजार, काशीदा आदिवासी टोला, मुसाबनी, मोहोल बेड़ा समेत दूसरे ग्रामीण इलाकों में सोमेश चंद्र सोरेन के पक्ष में प्रचार किया। चुनाव प्रचार के दौरान कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड में चल रही हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार में जन कल्याण प्राथमिकता में रहा है।

हमारे काम पर फिर जनता जताएगी भरोसा

कृषि मंत्री ने बताया कि हमारे काम पर जनता एक बार फिर अपना भरोसा जताएगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार बोलने में नहीं बल्कि जनता का काम करने में विश्वास करती है। राज्य में किसानों को ऋण माफी योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री, मंईयां सम्मान योजना, सावित्री बाई फुले योजना समेत दूसरी जन कल्याणकारी योजना इसका प्रमाण है।

रामदास सोरेन के विजन को करना है पूरा

कृषि मंत्री ने आगे कहा कि घाटशिला की जनता के साथ पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का अटूट रिश्ता था। जनता के प्रति उनका समर्पण और क्षेत्र के विकास के लिए उनके विजन को नहीं भुलाया जा सकता है। जनता इस उपचुनाव में एनडीए के झांसे में नहीं आने वाली है। शिक्षा मंत्री रहे रामदास सोरेन के राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए 11 नवंबर को महागठबंधन के पक्ष में अपना मतदान करेगी।

इस दौरान चुनाव प्रचार में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के साथ नगर विकास सह पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक हेमलाल मुर्मू, पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी समेत गठबंधन दल के नेताओं ने मंच साझा किया।